हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सीएम विष्णुदेव साय से 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का किया आग्रह

# 4000 किलो दाल के साथ अन्य पूजन सामग्री अयोध्या रवाना

## रामलला को लगेगा छत्तीसगढ़ की चना दाल से बने लड्डुओं का भोग

पहले भेजा जा चुका है 300 मीट्रिक टन चावल और सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन रामलला को छत्तीसगढ़ की चना दाल से बने लड्डुओं का भोग लगेगा। इसके लिए मंगलवार को यहां से चार हजार किलो चना दाल के साथ अन्य पूजन का सामान भी भेजा गया। भोग के लिए बनने वाले खाने के लिए मसाले भी भेजे गए। इसके पहले छत्तीसगढ़ से ही भोग के लिए 300 टन चावल भी भेजा जा चुका है। इसी के साथ सब्जियां भी भेजी जा चुकी हैं। ▶▶| शेष पेज 6 पर



भेजी गई चना दाल

हरिभूमि खास

विश्व हिंदू परिषद के पास रामलला के भोग के लिए बनने वाले लड्डुओं के लिए राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से चना दाल की डिमांड आई थी। ऐसे में विहिप ने यहां से चार हजार किलो चना दाल के साथ अन्य सामान भेजने का काम किया है। दाल के साथ 11 सौ किलो आटा, 21 सौ लीटर तेल, 111 किलो हल्दी, 51 किलो लाल मिर्च, 51 किलो जीरा, 51 किलो धनिया पाउडर और 11 सौ नारियल भेजे गए हैं। इसी के साथ रोली, गुलाल, चंदन 11-11 किलो, बंदन 21 किलो, मौली ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सात समंदर पार भी राम-राम

अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर की स्थापना के रंग में न सिर्फ देश और प्रदेश बल्कि सात समंदर पार रहने वाले भक्त भी डूबे हुए हैं। दुर्ग पुलगांव के कारीगर दिसंबर में अमेरिका-कैलीफोर्नियां जैसे देशों के लिए राम दरबार की मूर्ति भेज चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ में बन रही अमेरिका-कैलिफोर्निया के लिए भी मूर्तियां





राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

मप्र और महाराष्ट्र के साथ छग के छोर में बसे दंतेवाडा-मानपुर और विभिन्न जिलों से भी आर्डर मिले हैं। हालात यह है कि, छः माह में मिलने वाले आर्डर यहां सप्ताहभर में ही मिल चुके हैं, इस वजह से कारीगरों का टोटा हो गया है। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की मूर्ति की स्थापना होगी। इसके पहले मूर्तियां की जबरदस्त डिमांड शुरू हो गई है। दुर्ग के पुलगांव में स्थित सांई मूर्ति एवं हैंडीक्राफ्ट्स प्रदेश का पहला संस्थान ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 75 फीसदी नए आर्डर

संचालक कुशल उजाला ने बताया कि, राम मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर लोगों में इस कदर उत्साह है, कि उन्हें जनवरी में ही अन्य दिनों के अपेक्षा 75 फीसदी आर्डर मिल चुके हैं। उन्होने बताया कि, छग के अलावा यहां से मप्र और महाराष्ट के गढचिरौली, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### आकार देने जुटे कारीगर

पुलगांव के कारीगर दिन और रात चौबीस घंटे मूर्ति तैयार करने में जुटे हैं। संचालक ने बताया कि, दो शिफ्टो में मूर्ति तैयार करने पच्चीस से तीस स्टाफ जुटे हैं। ज्यादातर लोगों ने 22 जनवरी ▶▶| शेष पेज 6 पर






## खबर संक्षेप

### बसवराजू सीएम के सचिव



रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बसवराजू एस. मुख्यमंत्री के सचिव नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। राज्य सरकार ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि आईएएस पी. दयानंद भी मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

### नंदकुमार बघेल का कुरुदडीह में आज अंतिम संस्कार



रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता स्वर्गीय नंदकुमार बघेल का पार्थिव शरीर 10 जनवरी की सुबह 9:30 बजे पाटन सदन शंकर नगर से पैतृक निवास कुरूदडीह ले जाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार दोपहर तीन बजे उनके गृहग्राम कुरुदडीह में होगा।

**नीट-पीजी 2024 परीक्षा अब सात जुलाई को**

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है। अब यह इस साल सात जुलाई को होगी।

शिकारियों से बातचीत में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य, देसी पोटाश बम, फंदे और तीर-कमान के अलावा और कई साधनों का इस्तेमाल

- ओडिशा सीमा पर ऐसा होता है शिकार
- बम से उड़ाया लकड़बग्घे का जबड़ा

# आखिर शिकार कैसे करते हैं शिकारी

## जानने के लिए जंगल पहुंची हरिभूमि टीम



जंगली सुअर के लिए लगाए देशी बम चबाने से लकड़बग्घे की मौत ने जंगल के भीतर शिकारियों की धमाचौकड़ी दर्ज करा दी है, वन विभाग की लगातार कार्रवाई के बावजूद शिकारी बाज नहीं आ रहे। आखिरी ये शिकारी कैसे करते हैं शिकार, कौन सा पैंतरा, किस तरह के साधन और तौर-तरीके अपना रहे हैं, हरिभूमि टीम यह जानने के लिए जंगल पहुंची। पुराने शिकारियों से बातचीत और विभागीय जानकारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। गरियाबंद के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य क्षेत्र के जंगलों में टीम ने वन्य जीवों का शिकार कर चुके लोगों से भी बात की।

हसन खान ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि लाइव


वन विभाग द्वारा अवैध शिकार के मामले में पकड़े गए कुछ पेशेवर शिकारियों ने इस बात को स्वीकारा है कि आज भी सांभर, चीतल, हिरण, मोर, खरगोश, कोटरी जैसे छोटे वन्यप्राणियों के लिए शिकारी सबसे आसान और उपयोगी देशी फंदा को मानते हैं, जिसमें आसानी से यह वन्यप्राणी चकमा ▶▶| शेष पेज 6 पर



### देसी पोटाश बम का उपयोग

शिकारियों ने बताया कि जंगली सुअर काफी खतरनाक होता है, जिसके कारण उसे शिकार करने के लिए देशी पोटाश बम का उपयोग किया जाता है। जिसमें पोटाश और बारूद को मिलाकर गोला बनाया जाता है और उसमें अन्य जीव मुर्गा, मछली के अवशेष को डाल दिया जाता है। जिसकी गंध से उसे खाते ही जंगली सुअर के जबड़े फट जाते हैं और वह शिकार हो जाता है, ऐसे मामले भी वन विभाग के सामने आए हैं। कई बार इस देशी बम के शिकार लकड़बघ्घा भी जाता है और पिछले दिनों ऐसा ही एक मामला उदंती सीमा ओडिशा से भी आया था, जहां देशी बम से तेंदुआ का शिकार किया गया था।







### खाल और अन्य अवशेष बरामद

वन विभाग द्वारा सात माह के भीतर 22 कार्रवाई की गई, जिनमें बाघ, तेंदुआ, पेंगोलियन की खाल समेत सींग, दांत आदि की बरामदी भी शामिल हैं। जिंदा वन्यप्राणी भी तस्करों से बरामद हुए हैं। वन्यप्राणी बाघ, तेंदुआ, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### लगातार हो रही कार्रवाई

वन विभाग की टीम ने सात माह के भीतर खाल समेत वन्यप्राणियों के शिकार उमें इस्तेमाल होने वाले फंदे व अन्य सामग्री बरामद की है। दर्जनों शिकारी दबोचे गए हैं। निगरानी, जांच और कार्रवाई लगातार जारी है।

-उपनिदेशक वरुण जैन
उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व

पिछले सप्ताह कांकेर से रेस्क्यू कर उपचार के लिए सफारी लेकर आए थे

### बम चबाने से घायल लकड़बग्घे की मौत


दर्द में पूरी रात छटपटाता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कांकेर वनमंडल में जंगली सुअर का शिकार करने शिकारियों द्वारा फेंके गए माउथ बम की चपेट में आए गंभीर रूप से घायल लकड़बग्घे की जंगल सफारी में मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। लकड़बग्घे की मौत सेप्टिसीमिया तथा आर्गन फेल्योर होने की वजह से हुई है। सफारी में लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### हालत नाजुक थी

लकड़बग्घे को उपचार के लिए लाया गया, तब उसकी हालत काफी नाजुक थी, लकड़बग्घा लिक्विड डाइट भी सही तरीके से नहीं ले पा रहा था। सेप्टिसीमिया तथा आर्गन फेल्योर होने की वजह से लकड़बग्घे की मौत हुई है।

- डॉ. राकेश वर्मा, वन्यजीव चिकित्सक जंगल सफारी

## जब सीएम खुद बने बच्चे और काटा केक

बच्चों के हाथों में केक देखकर मुख्यमंत्री ने पूछा किसका जन्मदिन है, बच्चों का जवाब सुनकर उन्होंने खुद काटा केक



तीन बच्चों को रेडी टू ईट से मिला नया जीवन



### पीएम की सहृदयता से मिला 12 जातियों को जनजाति का दर्जा

सूरजपुर/मानीचौक। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहृदयता से बिंझिया जाति सहित 12 जातियों को जनजाति का दर्जा मिला। आज बहुत खुशी है कि बिंझिया समाज सहित 12 जातियों क को योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल रहा है। सीएम श्री साय जिले के जयनगर अंतर्गत जमदेई में अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। ▶▶| शेष पेज 6 पर






# बस्तर का लायचा चावल 'संजीवनी' बनकर बढ़ाएगा इम्यूनिटी, रिसर्च में खुलासा

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

- कृषि वैज्ञानिक ने संजीवनी चावल से तीन प्रोटोटाइप उत्पाद तैयार किया जो शरीर में बढ़ाएगा इम्यूनिटी
- 1970 के दशक में स्व. डॉ. आरएच रिछारिया द्वारा एकत्र लायचा धान को जीन बैंक में किया गया था संरक्षित

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के औषधीय गुणों वाले धान पर रिसर्च कर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब बस्तर का लायचा प्रजाति का चावल कैंसर के साथ शरीर का इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। इसका दावा कृषि विवि और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक कर रहे हैं। इसे देश का पहला चावल बताया गया है, जिसके सेवन से कैंसर बढ़ेगा नहीं और इम्यूनिटी बूस्ट होगी। 6 सालों तक मुंबई के रिसर्च सेंटर में शोध कार्य चला, जिसमें विवि के वैज्ञानिकों भी शामिल रहे। बता दें कि कृषि विवि ने रिसर्च और मानव जांच में ▶▶| शेष पेज 6 पर







### दवा की तरह चावल करेगा काम

संजीवनी के सेवन से शरीर में पाए जाने वाले मैक्रोफेजेस नामक प्रतिरक्षा कोशिकाओं की वृद्धि होती है, जिसका कार्य शरीर से हानिकारक बैक्टीरिया और मृत कोशिकाओं को दूर करना है। शोध के अनुसार संजीवनी ब्राउन राइस द्वारा उच्च बैक्टीरियल फागोसाइटोसिस ▶▶| शेष पेज 6पर

### देश का पहला चावल

संजीवनी धान की वरायटी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और कैंसर को बढ़ने से रोकता भी है। औषधीय गुण वाली भारत की पहली प्रजाती है जिसे कृषि विवि ने विकसीत किया है।

- डॉ. गिरीश चंदेल
कुलपति, कृषि विवि




# प्रवेश के दौरान मोबाइल, पर्स, रिमोट चाबी तक बैन

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अतिथियों के लिए खींची लक्ष्मण रेखा

*22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। समारोह में प्रवेश करने वाले महानुभावों को कुछ नियमों का पालन करना होगा। इसके आधार पर ही आगंतुकों को प्रवेश दिया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से 7000 से अधिक मेहमानों को समारोह का निमंत्रण दिया गया है। राम मंदिर में प्रवेश के दौरान कोई भी अतिथि मोबाइल और पर्स नहीं ले जा सकेगा। गैजेट्स को ले जाने की भी इजाजत नहीं होगी। इसमें ईयर फोन और रिमोट वाली चाबी शामिल है।*

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

समारोह में बड़ी संख्या में देश भर से संत और धर्माचार्य भी आएंगे। इन्हें अपने साथ पारंपरिक रूप से छत्र, चंवर, ठाकुर जी, सिंहासन और गुरु पादुका ले जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। सभी अतिथियों को सुबह 11 से पहले ही समारोह स्थल पर प्रवेश कर लेना होगा। किसी भी विशिष्टजन और धर्माचार्य के साथ सुरक्षाकर्मी या फिर उनके शिष्य और सेवक अंदर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यजमान के रूप में प्राण प्रतिष्ठा की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिसर से चले जाने पर ही आगंतुक मेहमानों को रामलला के दर्शन मिलेंगे। ट्रस्ट की ओर से कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया गया है।




### 205 फीट ऊंची विजय पताका, धर्म ध्वज दंड अहमदाबाद से पहुंचा अयोध्या

अयोध्या राम जन्म भूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर में 205 फीट ऊंची विजय पताका लहराएगी इसके लिए विशेष धर्म ध्वज दंड अहमदाबाद से निर्मित होकर अयोध्या पहुंच चुका है। इसे श्री राम जन्मभूमि परिसर में रखा गया है। यह धर्म ध्वज अहमदाबाद की अंबिका इंजीनियरिंग कंपनी में बनकर तैयार हुआ है। धर्म दंड लेकर पहुंचे कंपनी के कारीगर शैलेश भाई ने बताया कि पूरी तरह पीतल से बना हुआ स्तंभ 44 फीट लंबा, चौड़ाई 9:30 इंच और वजन 5:30 कुंतल है। इसके अलावा भी 20 फीट लंबी छ धर्म ध्वज दंड और भी आए हैं।

**40 कारीगरों ने किया काम**

करीब 40 कारीगरों ने 16 घंटे काम करके यह धर्म ध्वजा 9 महीने में तैयार किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की दृष्टि डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया की राम मंदिर में ब्रह्मांड को भी ऊर्जा पहुंचे इसके लिए विशेष प्रकार का धर्म ध्वज दंड निर्मित कराया गया है। यह अनोखा एंटीना होता है जो ब्रह्मांड की ऊर्जा को भगवान के गर्भग्रह तक ले जाता है।

**161 फीट का मंदिर शिखर**

राम मंदिर में मुख्य ध्वज समेत सात ध्वज लगे हैं मंदिर का शिखर 161 फिट है ।शिखर के ऊपर पताका रहेगी क्योंकि धर्म ध्वज दंड की लंबाई 44 फिट है। इसलिए धर्म ध्वज दंड की कुल ऊंचाई 205फिट हो जाएगी जहां 24 घंटे विजय पताका लहराती रहेगी। तेज हवा में पताका इधर-उधर ना हिले इसको लेकर इंजीनियरों ने खास संरचना की है और उसी अनुसार डिजाइन किया है।

### 108 फीट लंबी साढ़े तीन फीट मोटी अगरबत्ती

*अयोध्या के सरयू नदी के रामघाट पर 108 फीट लंबी साढे तीन फीट मोटी अगरबत्ती प्रज्वलित होगी इसे गुजरात के बड़ौदा से तैयार करके मंगाया गया है। अगरबत्ती तैयार करने वाले बिहार भाई भरवारा ने बताया कि बनाने में 6 माह लगे हैं। पाच लाख रुपए लागत आई है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस अगरबत्ती को प्रज्वलित किया जाएगा। इसमें 386 किलो नारियल का खोपरा 376 किलो गूगल 280 किलो जाओ 280 किलो तिल 425 किलो हवन सामग्री 1475 किलो गाय का गोबर 191 किलो गाय का घी लगा है जो 45 दिन तक प्रज्वलित होगी।*

---

**लैंड फॉर जॉब मामला**

**ईडी ने दाखिल की फाइनल चार्जशीट**

# मुश्किल में लालू, एक और बेटी हेमा सहित 7 को बनाया आरोपी

**2004 से 2009 के बीच का है यह मामला**

### लालू की बड़ी बेटी मीसा व पत्नी राबड़ी का नाम पहले से शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजद नेता व पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। लैंड फॉर जॉब यानी नौकरी के बदले जमीन मामले में फाइनल चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इसमें लालू यादव की एक और बेटी हेमा यादव का नाम चार्जशीट में शामिल किया गया है। इससे पहले लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी और बड़ी बेटी मीसा भारती का नाम चार्जशीट में शामिल किया गया था। उनसे पूछताछ भी की जा चुकी है।



हेमा यादव के अलावा चार्जशीट में हृदयानंद चौधरी और अमित कात्याल सहित सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। लैंड फॉर जॉब केस 2004 से 2009 के बीच का है जब लालू प्रसाद केंद्रीय रेल मंत्री थे। आरोप यह है कि लालू प्रसाद ने पद पर रहते हुए परिवार को जमीन हस्तांतरित के बदले रेलवे में नौकरियां दिलवाईं। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया है कि रेलवे में की गई भर्तियां भारतीय रेलवे के मानकों के दिशा निर्देशों के अनुरुप नहीं थीं। वहीं, दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित मकान संख्या डी-1088 (एबी एक्सपोर्ट्स प्रा.लि.) के नाम रजिस्टर्ड है।

**लैंड फॉर जॉब घोटाला**

'लैंड फॉर जॉब' माने नौकरी के बदले जमीन देना। मामला 2004 से 2009 तक का है। इस दौरान 7 लोगों को रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरी दी गई थी। तब यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे- लालू यादव। आरोप लगा कि जिनको नौकरी मिली उन्होंने बेहद कम कीमत पर अपनी जमीनें लालू यादव के परिवार वालों के नाम ट्रांसफर कर दी थीं। नौकरी पाने वाले लोगों को पहले रेलवे में सब्स्टीट्यूट के तौर पर भर्ती किया गया। मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर जैसे इलाकों में इन्हें नियुक्त किया गया। आरोप है कि इन नियुक्तियों का कोई विज्ञापन या नोटिस तक नहीं जारी किया गया और बहुत जल्दबाजी में नियुक्तियां हुईं। आरोप ये भी है कि पश्चिम और मध्य रेलवे जोन ने कुछ उम्मीदवारों के आवेदन को बिना पते के अप्रूव कर दिया।

### उद्धव गुट के विधायक- सहयोगियों के 7 ठिकानों पर ईडी की रेड

**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी में एक होटल के निर्माण के मामले में उद्धव गुट के नेता और विधायक रवींद्र वायकर और उनके सहयोगियों से संबंधित 7 स्थानों पर ईडी के छापे चल रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के जोगेश्वरी इलाके में एक लग्जरी होटल के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रवींद्र वायकर और उनसे जुड़ी कुछ इकाइयों के परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एजेंसी मुंबई में करीब सात स्थानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि इनमें वायकर और उसके कुछ सहयोगियों तथा अन्य के परिसर भी शामिल हैं।



वायकर (64) उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट से शिवसेना के विधायक हैं और महाराष्ट्र विधानसभा में जोगेश्वरी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। ईडी का मनी लॉनड्रिंग का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी से उपजा है, जिसमें विधायक पर एक बगीचे के लिए आरक्षित भूखंड पर एक पांच सितारा होटल के निर्माण के लिए अवैध रूप से मंजूरी प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इस डील से बीएमसी को भारी नुकसान हुआ।

---

*अमेरिका के बाद भारत में भी सामने आई कमी*

# खतरे की घंटी! बोइंग 737 विमान का वॉशर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हवा में केबिन के दरवाजे का प्लग निकलने की वजह से अलास्का एयरलाइन्स के बोइंग 737 मैक्स 9 विमान की आपातकालीन लैंडिंग करवाई गई थी। इस घटना के बाद दुनियाभर की एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। वहीं डीजीसीए ने मंगलवार को सभी 737 मैक्स एयरक्राफ्ट के वन टाइम इन्सपेक्शन का आदेश दे दिया है। डीजीसीए का कहना है कि एक 737 मैक्स विमान में जांच के दौरान मिसिंग पार्ट पाया गया है। बता दें कि एयरक्राफ्ट निर्माता कंपनी बोइंग ने भी इन विमानों की एक बार जांच करने की सिफारिश की थी।



बता दें कि भारत ने बोइंग 737 मैक्स के 40 विमान हैं। इनमें से 22 अकासा एयर के पास, 9 स्पाइसजेट और 9 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। 39 विमानों में जांच के बाद किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। वहीं एक विमान में वॉशर गायब था। बोइंग की सलाह के मुताबिक एयरक्राफ्ट में सुधार का काम किया गया है।

### अकासा के 20, स्पाइसजेट के 8 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 4 विमानों की जांच

डीजीसीए ने सोमवार को कहा था कि सभी 737-8 मैक्स विमानों की जांच पूरी हो गई है। अलास्का एयरलाइन्स की आपात लैंडिंग के बाद इस जांच का फैसला किया गया था। डीजीसीए ने बयान जारी कर कहा, अकासा के 20, स्पाइसजेट के 8 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 4 विमानों की जांच संतोषजनक पाई गई है। अकासा एयर के पास एक बी737-8-200 विमान है जिसमें मिड केबिन है। इसका फी ऑपरेशन चेक पूरा हो गया है। जांच की जानकारी साझा करते हुए डीजीसीए ने कहा कि 32 एयरक्राफ्ट के विंग इमरजेंसी एग्जिट की भी जांच पूरी हो गई है।




---

# चिदंबरम को भारी पड़ी मोदी की तारीफ, कांग्रेस ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करना कार्ति चिदंबरम को भारी पड़ गया है क्योंकि अब कांग्रेस ने उन्हें नोटिस भेजा है और 10 दिनों में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। कार्ति चिदंबरम पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके पी. चिदंबरम के बेटे हैं। कार्ति चिदंबरम ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि राहुल गांधी की तुलना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अधिक लोकप्रिय हैं। यही बयान चिदंबरम के लिए मुसीबत बन गया है। पीएम मोदी को राहुल गांधी से अधिक लोकप्रिय बताने पर कार्ति चिदंबरम को तमिलनाडु कांग्रेस अनुशासन समिति के प्रमुख के.आर. रामासामी ने कारण बताओ नोटिस भेजा है और उनसे 10 दिन में जवाब देने को कहा गया है।



# दो नाबालिग बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म

**पटना।** बिहार के पटना के फुलवारी शरीफ स्थित एक गांव में दो नाबालिग बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म गैंगरेप का मामला सामने आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक बच्ची को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भेजा है, जबकि इस घटना में एक बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो सहेली (जिनकी उम्र लगभग 10 वर्ष और आठ वर्ष बताई जा रही है) सोमवार को अपने घर के लिए जलावन लाने के लिए पास में गई थी। इस दौरान दोनों सहेली अचानक लापता हो गईं। मंगलवार को परिवार के लोगों को सूचना मिली कि दोनों लापता सहेलियों का शव कुछ दूर एक चवर में पड़ा है। परिवार के लोग आनन-फानन में जब वहां पहुंचे तो देखा कि एक बच्ची बादहवास वहां बैठी है, जबकि एक बच्ची का शव चवर में एक बाउंड्री के नजदीक पड़ा है।




## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5390



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5389 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | में |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ठ | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5400

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5399 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

बिलासपुर
बुधवार, 10 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 23, अंक : 320
पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 30.7
न्यून. 16.9

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार तीन...

विचार पेज
2 विश्व में बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व




# जंगल सफारी का देव मैत्रीबाग से लाएगा अपनी दुल्हन, बहन की विदाई भी



गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

जंगल सफारी में रह रहे देव नामक व्हाइट टाइगर की बहन जया की विदाई कर सफारी प्रबंधन देव के लिए एक दुल्हन लाने की तैयारी कर रहा है। जंगल सफारी प्रबंधन ने देव के लिए भिलाई स्थित मैत्रीबाग जू में दुल्हन की तलाश की है। उसके लिए आने वाली दुल्हन का नाम रक्षा है।

■ जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़ाने अदला-बदली

अलग खबर

जंगल सफारी के डायरेक्टर हेमंत पहारे के मुताबिक मादा व्हाइट टाइगर की अदला बदली करने ▶▶|शेष पेज 6 पर

## दोनों की उम्र पांच से छह वर्ष

जंगल सफारी के डॉ. राकेश वर्मा के मुताबिक जंगल सफारी में मादा व्हाइट टाइगर की उम्र साढ़े पांच साल के करीब है, जबकि मैत्रीबाग से एक्सचेंज कर लाए जा रहे मादा व्हाइट टाइगर की उम्र छह वर्ष के करीब है। मैत्रीबाग जू की व्हाइट टाइगर पूर्व में दो शावकों को जन्म दे चुकी है। रक्षा के जन्मे दोनों बाघ शावक पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

## इन वन्यजीवों का भी ट्रांसफर

सफारी प्रबंधन के मुताबिक मैत्रीबाग जू से व्हाइट टाइगर अदला-बदली करने के साथ जंगल सफारी से एक जोड़ी चौसिंगा के बदले मैत्रीबाग जू से एक जोड़ी सियार अदला-बदली करने का निर्णय लिया गया है। सफारी प्रबंधन जल्द ही वन्यजीवों की अदला-बदली करने की बात कह रहा है।

## मेल-फीमेल व्हाइट टाइगर की ब्लड लाइन चेंज करने की कवायद



### व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़ाने की जा रही कवायद

उल्लेखनीय है कि जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर की संख्या दो ही है। इस वजह से उनकी संख्या बढ़ाने मादा व्हाइट टाइगर एक्सचेंज करने का निर्णय लिया गया है। वन्यजीव चिकित्सक के मुताबिक ब्लड लाइन चेंज करने से जंगल सफारी के अलावा मैत्रीबाग में आने वाले दिनों में जो शावक पैदा होंगे, वे अच्छी नस्ल के होंगे।

### सफारी में कुल 11 बाघ

गौरतलब है कि जंगल सफारी में सामान्य बाघों की संख्या नौ है, जबकि एक नर तथा मादा व्हाइट टाइगर को मिलाकर इनकी संख्या 11 है। जंगल सफारी में पिछले कई वर्षों से बाघों की मेटिंग नहीं कराई जा रही है। इसकी वजह सफारी में व्हाइट टाइगर को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होना बताया जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गेब्रियल फ्रांस के सबसे युवा प्रधानमंत्री

**पेरिस।** धुर दक्षिणपंथियों के बढ़ते राजनीतिक दबाव के बीच नयी शुरुआत करते हुए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ग्रेब्रियल अट्टल को फ्रांस के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर नामित किया। अट्टल (34) सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री के रूप में उभरे। वह फ्रांस के ऐसे पहले प्रधानमंत्री भी हैं, जिन्होंने समलैंगिक होने को छिपाया नहीं है।




### दिव्यांगता संबंधी सभी प्रश्नों के लिए हेल्पलाइन

**गोवा।** दिव्यांगता से संबंधित सभी प्रश्नों के लिए पहली बार एक राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन सोमवार को शुरू की गई। सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले और दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा 'इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा 2024' के दौरान हेल्पलाइन शुरू की गई।




### कोविड के 475 नए केस, 6 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 475 नए मामले सामने आए जिससे उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,919 हो गई है। इस दौरान छह संक्रमितों की मौत हुई है, जिसमें कर्नाटक के तीन, छत्तीसगढ़ के दो और असम का एक रोगी शामिल है। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक संख्या दोहरे अंक तक आ गई थी।



### दम घुटने से दो बच्चों की मौत, माता-पिता गंभीर

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी कस्बे में कोयले के धुएं से दम घुटने से दो बच्चों की मौत हो गई, उनके माता-पिता की हालत गंभीर है। ठंड से बचने के लिए रमेश और उसकी पत्नी रेनू ने बिना वेंटिलेशन वाले कमरे में कोयले जलाया और बेटी अंशिका (आठ) और बेटे कृष्णा (सात) के साथ सो गए।



## स्टार्टअप कंपनी की सीईओ, एआई एक्सपर्ट ने बेटे को मार डाला

# पति से नफरत की बलि चढ़ा मासूम, खून के धब्बे-टैक्सी की जिद ने खोली पोल!

एजेंसी ▶▶| पणजी

एक स्टार्ट-अप कंपनी की 39 वर्षीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूचना सेठ ने अपने चार वर्षीय बेटे की कथित तौर पर गोवा में हत्या कर दी और फिर उसके शव को बैग में भरकर टैक्सी से पड़ोसी राज्य कर्नाटक चली गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गोवा पुलिस ने आरोपी सूचना सेठ को सोमवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि उसे मंगलवार को गोवा लाया गया और मापुसा शहर की एक अदालत ने उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

खास खबर

पुलिस ने बताया कि सेठ के पति केरल के एक व्यवसायी हैं। वह हत्या के समय इंडोनेशिया में थे और उन्हें बुलाया गया है। बच्चे के शव को सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने बताया कि सेठ 6 जनवरी को अपने 4 वर्षीय बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में होटल सोल बनयान ग्रांड के कमरा नंबर 404 में रुकी थी। उसने 8 जनवरी को होटल से अकेले चेकआउट किया और कर्नाटक के लिए निकल गई। बेटे के बारे में पूछने पर उसने बताया कि वो उसके दोस्त के यहां गया है। शक होने पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

*एक बड़ी एआई कंपनी की सीईओ, कामयाब बिजनेस वुमेन, लेकिन कलेजे से पत्थर। एक ऐसी मां, जिसने अपने 4 साल के बेटे को मौत के घाट उतार दिया। इस पूरी वारदात की हैरतअंगेज बात हत्या की वजह है। पति से अलग होने के बाद आरोपी सूचना सेठ को इस बात की चिंता थी कि उसका पति अपने बेटे से क्यों मिलता है? ऐसे में उसने ऐसा खौफनाक कदम उठाया। गोवा में हत्या के बाद टैक्सी से कर्नाटक जाने की जिद और खून के निशान से वह पुलिस के शिकंजे में फंस गई।*

### छह दिन की रिमांड पर

आरोपी सूचना सेठ को मंगलवार अपराह्न करीब एक बजे गोवा लाया गया। मापुसा शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।





### महिला पश्चिम बंगाल की, पति था केरल का

पुलिस अधीक्षक (उत्तरी गोवा) निधिन वलसन ने कहा, आरोपी महिला हमें बताया कि वह और उनके पति अलग हो चुके हैं। वर्तमान में तलाक की कानूनी प्रक्रिया जारी है। आरोपी महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और बेंगलुरु में रह रही है, जबकि उनका पति केरल से है। उनका पति फिलहाल जकार्ता (इंडोनेशिया) में है और उन्हें घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। आरोपी महिला ने बच्चे के शव को बैग में अपने 'सामान' के अंदर छिपाकर रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद ही हत्या के मकसद का पता चलेगा।

- *पति से तलाक के बाद बेटे का पिता से मिलना नहीं भाया*
- *गोवा में हत्या की, शव को बैग में भरकर कर्नाटक पहुंचने पर गिरफ्तार*

### किस बात से खफा थी सूचना सेठ

सूत्रों के मुताबिक, सूचना सेठ मासूम बेटे की निर्मम हत्या के बाद उसके शव को बेंगलुरु में ही ठिकाने लगाना चाहती थी, इसलिए बेटे के शव को बैग में भरकर बेंगलुरु ले जा रही थी, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से वह पकड़ी गई। शुरुआती पूछताछ में पति से नाराजगी और कोर्ट के आदेश से खफा होना बताया जा रहा है।

### कैसे पकड़ी गई आरोपी

आरोपी ने बेटे की हत्या करने के बाद होटल स्टाफ से कैब की व्यवस्था करने को कहा। कैब में चढ़ते वक्त जब स्टाफ ने उसके बेटे के बारे में पूछा तो उसने कहा कि वह एक रिश्तेदार के घर गया है। जब सफाई कर्मी होटल के रूम में सफाई करने पहुंचे तो उन्होंने खून के धब्बे देखे।

# अरपा सहित अन्य इलाकों में रेत के अवैध उत्खनन पर खनिज सचिव से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** अरपा नदी समेत प्रदेश के अन्य इलाकों में हो रहे मिट्टी और रेत के अवैध उत्खनन पर हाईकोर्ट की डीविजन बेंच ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस ने राज्य शासन के खनिज सचिव से व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब माँगा है। अगली सुनवाई 22 जनवरी को निर्धारित की गई है।



■ अगली सुनवाई 22 को

अरपा नदी में डूबकर हुई तीन बच्चियों की मौत के मामले और एक अन्य जनहित याचिका पर आज एक साथ सुनवाई की गई। चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच द्वारा बच्चियों की मौत को लेकर पूर्व में दिए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पर पिछली सुनवाई में उप संचालक खनिज बिलासपुर ने शपथपत्र पेश कर दिया था। इसमें दोषी रेत ठेकेदार के मामले में जांच रिपोर्ट भी शामिल है( पिछली बार सुनवाई में चीफ जस्टिस ने बच्चियों के मामले में पहले बताये गए चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी पुलिस प्रशासन को दिए थे।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने समाचार माध्यमों में प्रकाशित ख़बरों से इस बात पर भी संज्ञान लिया कि प्रदेश में सरगुजा, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर जिले समेत अनेक स्थानों पर मिट्टी, मुरुम, रेत आदि का गैरकानूनी तरीके से खनन किया जा रहा है। कोर्ट के सामने प्रकाशित समाचारों को लिखित दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया गया। हाईकोर्ट ने इस पर शासन के मुख्य सचिव से यह जानना चाहा कि सरकार अवैधानिक खनन को लेकर कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर जगह गैरकानूनी माइनिंग की जा रही है, यह साफ़ दिखाई पड़ रहा है। कोर्ट ने इसके लिए माइनिंग सेक्रेटरी को शपथपत्र पर लिखित जवाब पेश करने निर्देशित किया पर। इसमें शासन की कार्रवाई और योजना की जानकारी देनी होगी।

# शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक राशिद नहीं रहे

**कोलकाता।** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को अनगिनत श्रोताओं तक अपनी मशहूर आवाज में पहुंचाने वाले संगीत के सरताज उस्ताद राशिद खान का निधन हो गया। खान पिछले चार साल से प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे और उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



### राजकीय सम्मान के साथ आज विदाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि खान का अंतिम संस्कार बुधवार को होगा और इससे पहले उन्हें बंदूक से सलामी दी जाएगी और राजकीय सम्मान दिया जाएगा। खान के पार्थिव शरीर को रवींद्र सदन ले जाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी-यूएई के राष्ट्रपति का रोड शो






- *तीन किलोमीटर लंबा रोड शो*
- *साबरमती आश्रम में 20 मिनट तक रुके*
- *वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का आज करेंगे उद्घाटन*

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का रोड शो मंगलवार शाम को अहमदाबाद में हुआ। करीब 3 किमी लंबा यह रोड शो एयरपोर्ट से साबरमती आश्रम तक हुआ। करीब 20 मिनट तक साबरमती आश्रम में रुकने के बाद शाम 7 बजे दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। बुधवार को पीएम मोदी गांधीनगर में 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का उद्घाटन करेंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विभिन्न खेलों की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को किया पुरस्कृत

# शमी अर्जुन पुरस्कार, चिराग और सात्विक खेल रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। क्रिकेटर मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड और बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मेजर ध्यानचंद खेल ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर



### विश्व कप में लिए थे कुल 24 विकेट

शमी ने वनडे विश्व कप 2023 में सिर्फ 7 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने सर्वाधिक 24 विकेट लिए थे। दिलचस्प बात यह रही कि शमी को शुरुआती कुछ मैचों में बेंच पर बैठाया गया था, लेकिन हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह मिली।

शमी ने कहा-

### ये एक सपने के सच होने जैसा

अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होने के बाद शमी ने कहा था, यह एक सपने के सच होने जैसा है। लोग अपनी पूरी जिंदगी बिता देते हैं, लेकिन ये अवॉर्ड नहीं जीत पाते। मुझे खुशी है कि मेरा नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। आपको बता दें कि, विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, स्टार मोहम्मद शमी एकमात्र क्रिकेटर, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है।

आयुर्वेद से आयुष्यमान
रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

*प्र. मेरा शारीरिक विकास औसत ही है, जिससे बहुत ग्लानि महसूस होती है। -चिंतन, जबलपुर.*
उ. शारीरिक विकास वंशानुक्रम पर निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु रतन का 'हॉईटॉप' सिरप नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। खिंचाव वाले व्यायाम व योगा करें।

*प्र. शौच के समय गुदा-द्वार की नसें फूलने से मुझे बहुत दर्द होता है। दवा बताएं। -के.गुप्ता, मंडला*
उ.आहार-विहार की अनियमितता कब्ज़ बने रहना या मद्यपान करना आदि कारणों से भी यह समस्या हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२, दिन में दो बार पानी से नियमित सेवन कर सकते हैं।

*प्र. मेरा पुत्र रात को नींद में बिस्तर गीला कर देता है व जागने पर शर्मिन्दा होता है। उसकी समस्या का उपाय बताएं। -हेमा, इन्दौर.*
उ. बौद्धिक-अपरिपक्वता या आत्म विश्वास की कमी भी इस समस्या का कारण हो सकती है। उन्हें रतन्स 'बेडवेट' सिरप दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

*प्र. मैं विवाहित हूं एवं शरीर के आकर्षक नहीं होने से परेशान हूं, क्या करूं? -एक पाठिका, म.प्र.*
उ. अपनी समस्या हेतु आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल १-१ दिन में तीन बार ३ माह तक सेवन कर सकते हैं। बेहतर परिणामों के लिए 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल का भी उपयोग कर सकते हैं।

*प्र. मुझे हकलाहट की समस्या है। शब्दों का उच्चारण रूक-रूक कर होता है। -एम. रघुवंशी, रीवा.*
उ. समस्या के लिए आप रतन का 'वॉईस' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित सेवन कर सकते हैं। साथ ही रोज़ कुछ समय आईने के सामने खड़े होकर खुद से बातें करें।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.



## चिंतन

# गोवा की वारदात से ममता लज्जित, मानवता शर्मसार

गोवा की वारदात से देश सन्न है, मानवता शर्मसार है, ममता लज्जित है। एक चार साल के मासूम की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसे 9 महीने कोख में रखकर जन्म देने वाली उसकी अपना मा न ही कर दी। यूं तो यह पहली बार नहीं है कि किसी मां ने अपनी संतान की हत्या की हो। देश में अनेक ऐसी घटनाएं अतीत में हुई हैं, जिसमें एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को मौत के घाट उतार दिया। चाहे गृह कलह में, चाहे गरीबी से तंग आकर, या भविष्य के डर से। देश में अनब्याही मां द्वारा नवजात की हत्या या नवजात का त्याग या भ्रूण हत्या की अनेक घटनाएं घटित हुई हैं, लेकिन एक उच्च शिक्षित, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला द्वारा अपनी इकलौती स्वस्थ संतान की हत्या का मामला विरले में से एक है। गोवा के एक होटल के बंद कमरे में रिश्तों का कत्ल हुआ। जिस महिला ने इस कत्ल को अंजाम दिया है, वह एक कंपनी की सीईओ है, हार्वर्ड रिसर्च फेलो है, उनका नाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)I एथिक्स में 100 बेहतरीन महिलाओं में रह चुकी है। ऐसी महिला का अपनी ममता का कत्ल कर हैवान बनना मानवता व समाज की सभी शिक्षा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि पिता से बच्चा न मिल सके इसलिए मां ने अपने बेटे का ही कत्ल कर दिया। महिला का पति के साथ तलाक का मामला चल रहा था। पिता इंडोनेशिया में हैं। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। महिला ने 2019 में बेटे को जन्म दिया था। पति के साथ हुए विवाद के बाद 2020 में अदालत ने फैसला सुनाया था कि बच्चे का पिता उससे हर रविवार को मुलाकात कर सकता है। यह फैसला महिला को नागवार गुजर रहा था, वह खुश नहीं थी। महिला अपने बेटे को पति से नहीं मिलने देना चाहती थी। अभी पिता बेटे से मिलने भारत आने वाले थे, इससे पहले ही मां ने बेटे को पिता से सदा के लिए जुदा कर दिया। क्या हमारी सामाजिक व शैक्षिक व्यवस्था एक बेहतर इंसान तैयार नहीं कर रही है या मशीनीकरण ने हमें एक इमोशनलेस रोबोट बना दिया है। क्या एआई ने लॉगरिद्म ने महिला के दिमाग के न्यूरान्स को इस कदर प्रभावित किया कि वह भी रोबोट जैसी संवेदनहीन हो गई। प्रकृति का प्रताप देखिए कि मासूम बेटे के खून ने ही इस हत्या का सुराग दिया। यह खून ही बोला कि 'मां कातिल है'! बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी महिला ने उसका शव बैग में भर लिया था व उसे लेकर बेंगलुरु जा रही थी। अभी इस हत्या की बहुत सी परतों का खुलना अभी बाकी है। इसमें से एक यह भी सवाल है कि एक मां को क्यों लगा कि उसे अपने बेटे की हत्या करनी होगी। क्या नफरत से इतनी भरी थी कि पिता से बेटे को मिलने नहीं देना चाहती थी? कहते हैं जब बच्चा मां के गर्भ में आता है तो मां उसी वक्त से उससे जुड़ने लगती है। दुनिया के लिए वो भ्रूण होता है लेकिन उस मां के लिए वो उसका बच्चा होता है। जब मां को बच्चे की पहली हार्ट बीट सुनाई देती है तो वो उससे इस कदर जुड़ जाती है कि उसमें ही अपनी दुनिया ढूंढती है। ऐसे में हैरान करने वाली बात है कि आखिर एक मां अपने बेटे की हत्या जैसी जघन्य नृशंस वारदात को कैसे अंजाम दे सकी? कानों को यकीन नहीं हो रहा, दिल नहीं मान रहा, कि मां भी कातिल हो सकती है। इस मां को अदालत सजा देगी ही, लेकिन उसने एक मां की कोख को, संतान के विश्वास को शर्मसार किया है।



दिवस विशेष
डॉ. ऐश्वर्या झा

# विश्व में बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व

आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा था कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है।

10 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिन्दी बोली गई थी। 25 वर्ष बाद, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को बढ़ावा देने एवं वैश्विक स्तर पर हिन्दी के प्रति जागरूकता लाने के लिए, आज के ही दिन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित होने के पांच दशक बाद, आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'भाषा बहता नीर' के सिद्धांत का पालन करते हुए हिन्दी तमाम अवरोधों, बाधाओं को पार करते हुए आज अपनी विकास यात्रा में देश एवं 'परदेस' की चारों दिशाओं में बढ़ा रही है।

वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 2023 के 26वें संस्करण 'इथोनोलॉज' के अनुसार दुनिया में 7,168 जीवित भाषाओं में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में पहला स्थान अंग्रेज़ी (113.2 करोड़), दूसरे नंबर पर चीन में बोली जाने वाली मैंड्रेन भाषा (111.7 करोड़ ) एवं तीसरा स्थान हिन्दी (करीब 61.5 करोड़) का हैं। इथोनोलॉज के मुताबिक, दुनिया भर की 20 सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने हिन्दी को मात्र भारत की सीमाओं तक ही बाँध कर या सीमित नहीं रखा है, बल्कि तकनीक ने इसे और अधिक विस्तार दिया है। इसमें इंटरनेट और सूचना क्रांति विशेषकर मोबाइल फ़ोन ने हिन्दी को तकनीकी भाषा बनाने में सहायता की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी राजनीति का शिकार हुई है, पर व्यवधानों को पार कर उसकी व्यापकता,लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। 21वीं सदी की हिन्दी न सिर्फ साहित्य, शिक्षा, मनोरंजन, विज्ञापन की भाषा है, बल्कि विज्ञान, तकनीक एवं रोज़गार की अनंत संभावनाओं से भरी हुई भाषा भी है।

विगत कुछ दशकों में भारत सरकार देश एवं विदेश में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राजभाषा विभाग ने हिन्दी के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिन्दी सीखने के लिए एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन - लीला-राजभाषा (लर्न इंडियन लैंग्वेज्स थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ई-सरल हिन्दी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप सरीखे प्रशंसनीय कार्य किया हैं। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में देश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संसद में यह दावा किया कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी है। हिन्दी




पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। वर्ष 2018 से संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक स्वैच्छिक वित्तीय योगदान संबंधी करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस करार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र समाचार की एक हिन्दी वेबसाइट पर हिन्दी सोशल मीडिया अकाउंट शुरू किया। इसके साथ साथ अपने कार्यक्रमों को यूएन रेडियो वेबसाइट पर हिन्दी में प्रसारित एवं साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिन्दी समाचार बुलेटिन, हिन्दी में यूएन ब्लॉग, और यूएन न्यूज रीडर मोबाइल एप्लिकेशन को हिन्दी में भी उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार ने 'बहुभाषावाद' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया, जिसे 10 जून 2022 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पहली बार, इस संकल्प में हिन्दी भाषा का उल्लेख किया गया, जिससे हिन्दी सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में महत्वपूर्ण संचार और संदेशों के प्रचार-प्रसार को जारी रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संचार को प्रोत्साहित किया गया है। हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनाने हेतु प्रयास जारी है।

नादी, फिजी में आयोजित 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन (15-17 फरवरी 2023) के माध्यम से विश्व भर के हिन्दी विद्वानों और शोधकर्ताओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा के अनुप्रयोगों और हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करने के लिए वैश्विक एक मंच प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश के 19 विद्वानों और 2 विदेशी संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। भारतीय मिशनों और सामुदायिक केंद्रों में हिन्दी पढ़ाने में शामिल शिक्षकों को मानदेय सहित विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों और सामुदायिक संगठनों को शिक्षण, प्रकाशन और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वित्तीय अनुदान दिया जाने लगा है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और केंद्रीय हिंदी निदेशालय (सीएचडी) के सहयोग से 2022 में विभिन्न देशों के विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन हिंदी कक्षाएं एवं भूटान स्थित अंतरराष्ट्रीय विश्व विद्यालय में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अनुकूलित हिन्दी भाषा पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले वर्ष 10 जनवरी 2023 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) सहित दुनिया भर में विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया, ताकि हिन्दी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत किया जा सके व विश्व में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में मॉरिशस हिन्दी संस्थान, विश्व हिन्दी सचिवालय, हिन्दी सोसायटी (सिंगापुर), हिन्दी परिषद (नीदरलैंड्स), हिन्दी संगठन (मॉरिशस) आदि संस्थाओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवासी साहित्य के माध्यम से भी विदेश में हिन्दी का डंका बजा हैं। अनुवाद की बढ़ती गुणवत्ता के कारण अब हिन्दी के साहित्य की धमक वैश्विक पाठक के बीच बनी है। कुछ समय पूर्व, हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री के हिन्दी उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'टूंब ऑफ सैंड' को अनुवाद श्रेणी में बुकर पुरस्कार मिला। हिन्दी भाषा के तीव्र विस्तारीकरण का कारण हिन्दी का वैज्ञानिक भाषा होने के साथ साथ सर्वाधिक लचीला, सरल एवं सहज भाषा होना है। विदेशी भाषाओं के शब्दों को हिंदी स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। हिंदी भाषा ध्वनि और उच्चारण आधारित भाषा है। यह खूबी विश्व की अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। हिन्दी को जनभाषा से 'विश्व भाषा' बनाया जा सकता है।

(लेखिका सहायक आचार्य, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# सूर्य मिशन की सफलता से इसरो ने रचा इतिहास

भारत का अंतरिक्ष संगठन इसरो लगातार इतिहास रच रहा है। पहले मंगलयान, फिर चन्द्रयान-3 के द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना और अब आदित्य एल 1 के सफलता के बाद इसरो को सूर्य मिशन में भी सफलता मिल गई है। 6 जनवरी को आदित्य-एल 1 लॉन्च अपने गंतव्य बिंदु लैग्रेंज-1 पर पहुंचने में सफल रहा। आदित्य एल 1 की यह यात्रा 2 सितंबर 2023 को शुरू हुई थी, जो अब सफलतापूर्वक अपने मंजिल पर पहुंच गई है। मिशन के दौरान सही स्पीड के लिए पांच बार ऑर्बिट बदला गया। फिर आदित्य को ट्रांस-लैरेंजियन 1 ऑर्बिट में भेजा गया। यहां से शुरू हुई 109 दिन की लंबी यात्रा। फिर सैटेलाइट आदित्य जैसे ही L1 पर पहुंचा, उसकी एक ऑर्बिट मैन्यूवरिंग कराई गई ताकि एल1 प्वाइंट के चारों तरफ मौजूद हैलो ऑर्बिट में चक्कर लगाता रहे। इस मिशन के जरिए सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सूर्य हमारा निकटतम तारा है और अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। सूर्य एक अत्यंत गतिशील तारा है। हम जितना देखते हैं, यह उससे कहीं ज्यादा फैला है, जिसमें लगातार भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती रहती है।




दुनिया में अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। मिशन पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल हैं। सूरज पर सबसे ज्यादा 14 मिशन अमेरिकी एजेंसी नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने साल 1994 में पहला सूर्य मिशन भेजा, तो उसने नासा का साथ लिया। नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने सबसे ज्यादा काम किया है। यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचने वाला एकमात्र अंतरिक्षयान है। आदित्य-एल 1 मिशन अपने साथ सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सेट ले गया है, जिसके माध्यम से सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 के सातों पेलोड की खास बात है कि ये देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। ये सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से विकसित किए गए हैं। सूर्य के वायुमंडल के सबसे बाहरी भाग यानी सौर कोरोना और सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) अपने साथ ले जा रहा है। एक अन्य उपकरण सोलर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) नामक पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। इसके साथ ही एसयूआईटी यूवी के नजदीक सौर विकिरण में होने वाले बदलावों को भी मापेगा।

आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और शक्तिशाली आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए साथ भेजा जा रहा है। सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे किरणों का अध्ययन करेंगे। वहीं, मैग्नेटोमीटर पेलोड को L1 बिंदु पर दो ग्रहों के बीच के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए बनाया गया है। इस ऐतिहासिक मिशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह पृथ्वी-निर्देशित तूफानों पर नज़र रखने और सौर अवलोकनों के माध्यम से इसके प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। शुरुआत में इसे केवल सूर्य के कोरोना का अवलोकन करने के लिए बनाया गया था। तब इसका नाम आदित्य 1 था। सौर भौतिकी में कोरोना के अत्यधिक उच्च तापमान तक गर्म होने का कारण अभी भी एक रहस्य है। आदित्य -1 मिशन में उपग्रह को 800 किमी निचली पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करना शामिल था। बाद में आवश्यकता अनुसार इसरो ने उपग्रह को लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई। एल 1 पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी दूर है। यह बिंदु बिना किसी व्यवधान के लगातार सूर्य का अवलोकन करने का लाभ प्रदान करता है। इसलिए मिशन का नाम बदलकर आदित्य एल1 मिशन कर दिया गया। पृथ्वी सहित हर ग्रह और सौरमंडल से परे एक्सोप्लैनेट्स विकसित होते हैं और यह विकास अपने मूल तारे द्वारा नियंत्रित होता है। सोलर मौसम पूरे सोलर सिस्टम को प्रभावित करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर

श्रीअन्न या मोटे अनाज (मिलेट्स) की चारों तरफ खूब चर्चा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 3 जनवरी को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत मोटे अनाज- कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। केंद्र सरकार लगातार मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग पर जोर दे रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश के अलावा भी कई राज्यों में मोटे अनाज की खेती करने पर किसानों को बंपर सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में मोटे अनाज को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए वर्ष 2018 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया था। -*सुखदेव वर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### शानदार यात्रा



आज मदीना की ऐतिहासिक यात्रा की, जिसमें इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक, श्रद्धेय पैगंबर की मस्जिद की परिधि, अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और क्यूबा मस्जिद की परिधि- इस्लाम की पहली मस्जिद की यात्रा शामिल थी।
-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### अविश्वास की धुंध



एक ज़माना था, जब नेता और जान न्योछावर करने वाले शहीद, स्वतंत्रता के गीत सुनाते थे। न्याय का जुनून जनता के दिलों में रोशनी भरता था। आज भरोसे की लौ कमज़ोर पड़ गई है। लोकसेवा का मंदिर अविश्वास की धुंध में खोया है।
-नवजोत सिंह सिद्धू, कांग्रेस नेता

### लक्ष्य को तय करें



इस नए साल में असफलता के डर को दूर करें। आप उन उड़ने वाली मशीनों' का निर्माण करें जिनका आप सपना देख रहे हैं। आप कभी नहीं जानते कि वे कितनी दूर तक उड़ सकते हैं, लेकिन अपने लक्ष्य को तय करें और उसे साधें।
-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### मेरा हौसला देखकर



डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर, खुद ब खुद मेरे नज़दीक आती गई मेरी मंज़िल, मेरा हौसला देख कर। प्रिय शीतल देवी, आप भारत की शान हो और विश्व की युवा शक्ति की आन हो। आपको अर्जुन आवार्ड के लिए बधाई।
-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बोले 'मैं बिल्कुल ठीक हूं'




दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया और कहा कि वह 'बिल्कुल ठीक' हैं। रामफोसा ने कहा कि उनके आईसीयू में भर्ती होने की खबरें 'बढ़ा-चढ़ा कर' प्रसारित की गई थीं और वह अधिकारियों की सलाह पर रविवार को घर से काम कर रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें व्यस्त सप्ताह को लेकर घर पर सुरक्षित वातावरण में रहने की सलाह दी थी। रामफोसा ने सोमवार को रंगभेद विरोधी आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए लिम्पोपो प्रांत में एक पुष्पांजलि समारोह में यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति का स्पष्टीकरण रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें प्रिटोरिया के 1-सैन्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विपक्षी पार्टी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के नेता जूलियस मैलेमा के एक फर्जी खाते से दावा किया गया कि रविवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले रामफोसा (दिल का दौरा पड़ने के बाद) गिर गए थे। लिम्पोपो के कार्यक्रम में रामफोसा ने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है।

## ऑफ बीट

# अपनी चादरें और तौलिये कब-कब धोने चाहिए?

यूनाइटेड किंगडम में किए गए एक सर्वेक्षण में, एकल पुरुषों में से लगभग आधे ने बताया कि वे कई बार चार महीने तक अपनी चादरें नहीं धोते हैं।



यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इसे बिना घुले छोड़ने के लिए चार महीने बहुत अधिक हैं, लेकिन आदर्श आवृत्ति क्या है? वैसे भी, साफ चादरों का अहसास या नए धुले तौलिये की गंध किसे पसंद नहीं होगी? आपको तौलिये को अधिक बार क्यों धोना चाहिए? जब आप अपने आप को सुखाते हैं, तो आप तौलिये पर हजारों त्वचा कोशिकाएं और लाखों रोगाणु जमा कर देते हैं। और क्योंकि आप शॉवर या स्नान के बाद खुद को सुखाने के लिए अपने तौलिये का उपयोग करते हैं, इसलिए आपका तौलिया नियमित रूप से गीला रहता है। आप हर रात अपनी चादरों पर भारी मात्रा में मृत त्वचा, रोगाणु, पसीना और तेल भी जमा कर देते हैं। लेकिन अगर आप रात में स्वेटर न पहनते हों, रात की नींद के बाद आपका बिस्तर गीला नहीं होता। तौलिये चादरों की तुलना में अधिक मोटे पदार्थ से बने होते हैं और इसलिए अधिक समय तक नम रहते हैं। तो नमी के बारे में ऐसा क्या है जो समस्या का कारण बनता है? गीले तौलिये बैक्टीरिया और फफूंद के प्रजनन स्थल होते हैं। फफूंद विशेष रूप से नम वातावरण पसंद करते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
HOT AND TECHY
BREZZA
THE CITY-BRED SUV
SCAN TO CHAT WITH US
Electric Sunroof
Head Up Display
Wireless Charging Dock
360 View Camera
SmartPlay Pro+ with Surround Sense
6 Airbags
Interior Ambient Lighting
Next Gen Suzuki Connect
BREZZA
E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509.
अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड,70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882.
जांजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ति: 95222 00997 रायगढ़: 70898 88883.
सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994. शिवरीनारायण: 7692031111.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622.
बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.
*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only **Ex – Showroom Price Delhi.

{ खानपान
डा. नीलकंठ देवांगन }

# बारों महीना बड़ मिठाथे घुघरी



आजकाल घरों घर खाना बनाय बर गैस चूल्हा होगे हे, जेखर घर नइ रिहिसे, सरकार उन्हूं ल चिन्हित कर गैस-चूल्हा दे देहे। जब एखर चलन नइ रिहिसे त सब घर माटी के चूल्हा मं छेना लकड़ी ले खाना बनत रिहिस। तब घर घर गाय बइला होवय। कोनो कोनो घर भइस-भइसा रहय। गोबर खूब होवये ओखर ले छेना कंडा बनाय जाय। बांचय तेला खातू बर घुरुवा मं डार देवंय। गोबर सकेलना, छेना थोपना रोज के काम होवय। अधरा-जादा छेना होवय त ओला अधरा रच के ओमा चांउर दार, साग सब्जी बनाय मं उपयोग करंय। अधरा मं पके चोवा चांउर (भात) स्वादिष्ट, पौष्टिक अउ पाचुक होथे। दार घलो बढ़िया गल जथे। साग भाजी घलो बन जथे, जउन दिन साग नइ रांधय, घुघरी उसन लेवंय। ओखरे संग भर पेट भात खा लेंवय। ओमा न तले के न मिर्चा मसाला डारे के जरूरत हे,सुवाद बर नून मिर्चा भले डार ले, छेना के अधरा मं घुघरी चुर जाय। ओखर पौष्टिकता नाश नइ होवय, बने चाव ले खावंय अउ तन्दरुष्ट राहंय।

## रांधे के विधि

घुघरी लाख के लाखड़ी के, मसूर के, राहेर के या चना के होथे। ओला कोनो बरतन मं पानी डार के डबकाय जाथे। पहिली तो माटी के बरतन उपयोग मं होवय। अधरा मं चुरे घुघरी बड़ अच्छा लागय। एमा आगी ला कम करे या बढ़ाय जइसे कोनो काम नइ रहय। मद्धिम आंच मं डबक जथे, इही बेरा एमा थोकुन नून डार देथें, तब बरतन के बचे पानी ल ढार देथें, तहाने घुघरी तियार। पानी ढारे के बाद जउन बचिस, उही ह घुघरी आय। ओखरे संग भात, रोटी खा लेवंय। सुवाद बर चटनी अथान खा लेवंय, खाय के मजा आ जाय। कोनो ला तले भुने खाना पसंद हे त ओखर बर फोरन डार के तेल मं तल देथें। मिर्चा, मसाला, नून डार देथें। ओहा मसाला दार चुरपुरा घुघरी बन जथे। येहु हा चना के उबले घुघरी तो आय। ओला तल के, मिर्चा मसाला डार के चुरपुरा बना देथें। ओखर ऊपर हरियर पत्ती धनिया डार देथें। घर मं घलो लाख, मसूर, चना, राहेर के घुघरी सुवाद वाला बना के खावंय। घुघरी ल मद्धिम आंच मं पकाय जाथे। ओखर पौष्टिक गुन अउ जीवन सत्व बने रथे। अब तो येहा गुजरे जमाना के चीज हो गेहे।

{ पुस्तक समीक्षा }

## सोनहा छिन




कृति के नाव: सोनहा छिन
कृतिकार: किशोर तारे
प्रकाशक: महावीर प्रिंटर्स,रायपुर
समीक्षक: कमल नारायण
मूल्य: एक सौ पचास रुपिया

छत्तीसगढ़ी म कलम चलाने वाला कृतिकार ह छत्तीसगढ़ी ल जियत हें। आप मन हिन्दी, अंग्रेजी अउ मराठी संग छत्तीसगढ़ी लेखन म पांव रखेव। आपके कहना हे कि छत्तीसगढ़ महतारी के करजा उतारे के येहा मोर प्रयास आय। आप अपन पहिली प्रयास म सफल लगत हो। काबर कि आप मन अपन कृति म छत्तीसगढ़ के वीर सपूत संग इहां के संस्कृति ल रखे के प्रयास करे हव। आप मन जतका अच्छा लिखथव वोतका अच्छा बोलथव घलो। येहा आपके लेखन म दिखत घलो हे। आप मन ऐ कृति म कतको अकन हिन्दी शब्द के उपयोग घलो होय हे जेनला आप स्वीकार घलो करत हव, संग में सुधार करे के आश्वासन घलो देथव। आसा हे आने बोली भाखा के मन घलो ऐ कृति ल पढ़ के छत्तीसगढ़ी भाखा म लिखे के उदीम करहीं।




बस्तर के आदिवासियों में मृतक संस्कार के समय मृत्यु गीत गाने की परंपरा है, जिसे हानालपाटा या पाटापारो कहा जाता है। यह गीत महिला द्वारा गाई जाती है, गाते समय सहायिका का सहयोग लिया जाता है। उनके गीत में रोजमर्रा की परेशानियों का जिक्र, मेहमानों की आवभगत में दिक्कतों की चर्चा भी होती है। उस वंश में मृतकों की संख्या जितनी ज्यादा होती है, गीत उतने ही अधिक दिनों तक गाई जाती हैं।

# आदिवासियों में मृतक संस्कार के समय गाए जाने वाले गीत को कहा जाता है पाटापारो


छत्तीसगढ़ के आदिवासियों में अनेक परंपराओं का निर्वहन समय-समय पर किया जाता है, जिसमें बस्तर के आदिवासियों में मृतक संस्कार के समय मृत्यु गीत गाने की परंपरा है, जिसे हानालपाटा या पाटापारो कहा जाता है। यह गीत महिला द्वारा गाई जाती है, गाते समय सहायिका का सहयोग लिया जाता है। वह मृतकों के नाम से दीपक जलाकर मृतात्माओं को शराब का तर्पण करती हैं। कहा जाता है कि मृतात्माओं को तर्पण कर उन्हें आव्हान करती हैं, जिससे उनकी आत्माएं उन पर आ जाती हैं। उस वंश में जितने मृत व्यक्ति होते हैं उनकी जीवनी गाती हैं। उनके गीत में रोजमर्रा की परेशानियों का जिक्र, मेहमानों की आवभगत में दिक्कतों की चर्चा भी होती है। उस वंश में मृतकों की संख्या जितनी ज्यादा होती है, गीत उतने ही अधिक दिनों तक गाई जाती हैं। गीत समाप्ति के बाद पाटापारो एवं महिलाओं का दल, पुरूषों द्वारा वाद्य यंत्र के दलों द्वारा बजाते हुए तय किए पहाड़ पर जाते हैं। इस वादक दल में ढोल अनिवार्य रूप से बजाए जाते हैं। वहां से पत्थर उठाए जाते हैं। यह पत्थर मृत व्यक्ति के उम्र के आधार पर निश्चित किए जाते हैं। अधिक उम्र के व्यक्ति का पत्थर एक फुट तक होता है और बाकी के छोटे बच्चों का पत्थर छोटा होता है। पत्थरों को नए कपड़े से ढंक कर निश्चित स्थान पर अक्को मामा द्वारा लाया जाता है। मेनिहर लगाने के स्थान को साफ किया जाता है वहां शराब का तर्पण कर चावल-दाल भेंट किया जाता है। इसके पश्चात सीधी रेखा में अलग-अलग पत्थरों के लिए गडढे खोदे जाते हैं। पुरूषों का अलग एवं महिलाओं का अलग मेनिहर गाड़ा जाता है। छोटे बच्चों के मेनिहर, माता के मेनिहर के पास गाड़ा जाता है। इसके बाद की सभी प्रक्रियाएं दशगात्र में होने वाले क्रिया कर्म की तरह किया जाता है।



परंपरा: वेदवती मंडावी




# मनमोहक होता है धसकुंड जलप्रपात



पर्यटन : कमलेश यादव

छत्तीसगढ़ के हर कोने में तीर्थ स्थलों के अलावा प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों को देखा जा सकता है। इसी कड़ी में प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों में बलौदाबाजार जिला स्थित धसकुंड जलप्रपात का है। माना जाता है कि प्राचीन समय में यह स्थल समतल रहा होगा, और प्राकृतिक आपदा के कारण यह स्थल धंस कर कुंड का रूप ले लिया होगा, इसी कारण इस जल प्रपात का नाम धसकुंड जलप्रपात रखा गया होगा। जंगल-झाड़ियों के बीच इस स्थल पर पहुंचना कठिन होता है। टेढे-मेढ़े और कटीली झाड़ियों से होकर उक्त स्थल पर पहुंचा जाता है। पहुंचने के बाद इस कुंड पर झरते झरना का दृश्य अद्भुत नजर आता है। कहा जाता है कि इस कुंड का पानी कभी सूखता नहीं है। बरसात के दिनों में इस स्थान का नजारा कुछ और ही होता है। अनजान से इस जलप्रपात में पर्यटकों की संख्या अब बढ़ने लगी है।

# छत्तीसगढ़ी साहित्य म मिलथे नामकरण के प्रमाण



लोक साहित्य : सरला शर्मा

छत्तीसगढ़ी साहित्य हर अपन नामकरण बर मौन साधे प्रमाण व्यक्त करथे। सन 1947 म खैरागढ़ राज के चारण कवि दलराम राव के रचना म छत्तीसगढ़ी नाव आय हे त सन 1746 ईस्वी म कवि सिरोमनि गोपाल मिसिर हर 'खूब तमाशा' म ऐ क्षेत्र ल छत्तीसगढ़ संबोधन करे हे। लगभग 150 साल बाद सन 1896 ईस्वी म बाबू रेवाराम हर 'विक्रम विलास' म छत्तीसगढ़ नाव लिखे हे। संभवतः वो समे इहां 36 ठन गढ़ रिहिस होही। इही नाव आगे चलके सर्वमान्य होगिस। पहिली चेदि देस के राजा रहिस, बलसाली,हो सकथे इही पाय के छत्तीसगढ़ ला चेदिसगढ़ कहे जात रिहिस होही। मान्यता, तर्क विकल्प चाहे जतको रहय, बेरा संग दक्षिण कोसल हर छत्तीसगढ़ जाने-माने गिस। जोरहा मान्यता ऐ हे कि कैप्टन ब्लंट हर 1795 ईस्वी म छत्तीसगढ़ नाव के प्रस्ताव रखिस जेला नागपुर दरबार म पदस्थ जेनेकिस हर 'जमींदार्स आफ छत्तीसगढ़' लिखे हे।

{ गांव की कहानी
डा. पुष्पलता मिश्रा }

# अनेक साक्ष्यों को साक्षी गांव: कबीरधाम का कामठी

कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम कामठी का ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है। प्राचीन काल में समृद्ध शहर रहा होगा। यहां के जमींदार का नाम प्रतापपुर था। गोंडवाना राज्य के जमींदार इस स्थल पर निवास करते थे। यहां छः कोरी छः आगर तालाब होने की जानकारी मिलती है। यहां भगवान शिव मंदिर काफी पुराना है, मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसी स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित गांव भेड़ागढ़ में अनेक पुरातात्विक अवशेष बिखरे पड़े हैं।

इतिहासकारों के अनुसार कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम कामठी का ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है। यह स्थान प्राचीन काल में समृद्ध शहर रहा होगा। यहां के जमींदार का नाम प्रतापपुर था। गोंडवाना राज्य के जमींदार इस स्थल पर निवास करते थे। यहां छः कोरी छः आगर तालाब होने की जानकारी मिलती है। वर्तमान में बहुत कम तालाब ही नजर आते हैं और कई तालाबों का अस्तित्व समाप्त होता नजर आने लगा है। यहां भगवान शिव मंदिर भी काफी पुराना है, मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करने आते हैं। इसी स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित गांव भेड़ागढ़ में अनेक पुरातात्विक अवशेष बिखरे पड़े देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही अनेक औजारों और बर्तन तथा रोजमर्रा की वस्तुएं खुदाई के दौरान मिलती रहती हैं। इन दोनों गांवों में खंड़ति मूर्तियां, छोटे-बड़े टीले बिखरे पड़े हैं। यहां प्राप्त काले गे्रनाइट पत्थरों में देवी-देवताओं के चित्र उकेरे गए हैं। इन स्थलों पर पुरातत्वविद सर्वेक्षण करने आते रहते हैं।



# सुषैण वैद्य पर माता कौशिल्या का आशीष रहा

{ ऐतिहासिक
राजेन्द्र वर्मा 'तोषी' }

छत्तीसगढ़ के रामायणकालीन इतिहास को खंगालने पर भगवान राम और माता कौशिल्या से संबंधित अनेक प्रमाण मिलते हैं, बाल्मिकी रामायण में छत्तीसगढ़ में राम की महिमा का वर्णन हमें देखने को मिलता है। एक प्रसंग से ज्ञात होता है कि सुषैण वैद्य आयुर्वेद के प्रकाण्ड ज्ञाता थे, क्योंकि उन्हें माता कौशिल्या से आशीर्वाद प्राप्त हुआ था, कि जो भी व्यक्ति सुषैण वैद्य के समाधि स्थल से मिट्टी लेकर अपने शरीर के पीड़ित भाग पर लेप लगाएगा, उसकी पीड़ा दूर हो जाएगी। इसलिए आज भी लोग आस्था और विश्वास के साथ उनकी समाधि की मिट्टी का प्रयोग कर अनेक व्याधियों से मुक्ति पाते हैं। ज्ञात रहे तब आज का रायपुर जिला अंतर्गत ग्राम चंदखुरी पहले वैद्य चंदखुरी के नाम से विख्यात था। जनश्रुति अनुसार सुषैण वैद्य यहां के मूल निवासी कहलाने लगे। इसका प्रमाण चंदखुरी स्थित सोमवंशीकालीन शिव मंदिर के मुख्य द्वार पर बने बाली-सुग्रीव का मल्लयुद्ध एवं तारा की प्रतिमा से माना जाता है, क्योंकि बाली की पत्नी तारा सुषैण की सुपुत्री थी।

# राजधानी में आज रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, टंकराम वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बड़ी जीत के बाद अब प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके पहले चरण में सभी संभागों में कार्यकर्ताओं का सम्मान करने सम्मेलन किए जा रहे हैं। चार संभागों का सम्मेलन हो गया है। अब अंतिम संभाग के रूप में राजधानी में रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन बुधवार को सुबह 11 बजे इंडोर स्टेडियम में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, टंकराम वर्मा, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ ही संभाग के सभी विधायक भी शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन अपने कार्यकर्ताओं का पहले कदम पर सम्मान करके उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कह रहा है। सबसे पहले 6 जनवरी को बस्तर और दुर्ग में संभाग का सम्मेलन किया गया। इसके बाद 8 जनवरी को बिलासपुर और सरगुजा में सम्मेलन किया गया। अब रायपुर संभाग का सम्मेलन किया जा रहा है। वैसे सबसे पहले रायपुर संभाग का सम्मेलन 5 जनवरी को करने की तैयारी थी, लेकिन इस दिन प्रदेश भाजपा की लोकसभा चुनाव को लेकर हुई बड़ी बैठक के कारण यह कार्यक्रम टालकर सबसे अंत में कर दिया गया। अब यह कार्यक्रम राजधानी में बुधवार को किया जा रहा है। इसमें विधानसभा की जीत के लिए कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। इसी के साथ अब प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी लगन और मेहनत के साथ काम करने का आव्हान किया जाएगा। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए संगठन के साथ ही अपने सभी मोर्चों को भी जिम्मेदारी तय कर दी है। मोर्चों में यूं तो सभी मोर्चा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीन अहम मोर्चों भाजयुमो, किसान और महिला मोर्चा हैं। इनके कंधों पर ही ज्यादा भार रहता है। ऐसे में किसान मोर्चे के लिए तय किया गया है कि इस मोर्चे के एक साथ पांच हजार नेता एक ही दिन पांच हजार गांवों में जाएंगे और वहां पर रात को रहने के साथ ही गांवों के किसानों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि प्रदेश में वापस आई भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार किसानों के लिए क्या-क्या काम कर रही है। गरीबों को दिए जाने वाले 18 लाख आवासों के बारे में गांवों में बताया जाएगा। किसान मोर्चा किस दिन गांवों में जाएगा, इसकी तिथि किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में तय होगी। महिला मोर्चा को युवतियों का सम्मेलन करने के साथ महिला खिलाड़ियों, स्वसहायता समूहों का सम्मान करने का जिम्मा दिया गया है। भाजयुमो को भी युवाओं से जुड़े काम दिए गए हैं। नए मतदाताओं को जोड़ने का भी काम किया जाना है। इसकी तैयारी में भाजयुमो लगा हुआ है। हर मोर्चा के अलग-अलग स्तरों पर सम्मेलन भी होंगे।

# खाद्यमंत्री का आदेश- 10 फरवरी तक खरीदी केंद्रों से करें धान का उठाव



हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव 10 फरवरी तक करने का आदेश खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने जारी किया है। हरिभूमि ने सोमवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर में जानकारी दी थी कि प्रदेश के सैकड़ों धान उपार्जन केंद्रों में धान बफर लिमिट के पार हो गया है, लेकिन धान का उठाव नहीं किया जा रहा है।

## खाद्यमंत्री ने दिया आदेश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयालदास बघेल ने मंगलवार को बेमेतरा के कलेक्टोरेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में 10 फरवरी तक धान का उठाव करना सुनिश्चित करें।

## खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में जमा है धान

राज्य के विभिन्न जिलों में धान खरीदी के लिए 2 हजार 739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से सैकड़ों की संख्या में ऐसे केंद्र हैं, जहां धान की नियमित खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि खरीदी केंद्रों में धान रखने की बफर लिमिट पार हो चुकी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगर समय पर धान का उठाव नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। वजह ये है कि सोसाइटियों में धान रखने के लिए जगह नहीं बच रही है। एक दिन पहले तक की स्थिति में केवल तीन जिलों से धान संग्रहण केंद्रों को भेजा गया है। बाकी के 30 जिलों में खरीदा गया धान अब तक खरीदी केंद्रों में ही रखा गया है। हालांकि इन केंद्रों से धान मिलरों को दिया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी पर्याप्त मात्रा में धान का नियमित उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में धान जमा है।

# एम्स के नए निदेशक के लिए करना होगा इंतजार, डीडीए की ज्वाइनिंग 15 को

हरिभूमि न्यूज: रायपुर



छत्तीसगढ़ के एकमात्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को अपने नए निदेशक के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। प्रशासनिक कार्य संभालने वाले उपनिदेशक की ज्वाइनिंग 15 जनवरी को तय मानी जा रही है। पिछले चार माह से रायपुर एम्स का कामकाज प्रभारी निदेशक के भरोसे चल रहा है। जानकारी के मुताबिक उपनिदेशक प्रशासनिक लेफ्टिनेंट कुणाल शर्मा बुधवार को रायपुर आएंगे।

यहां कुछ अन्य प्रक्रिया पूरी करने के बाद वे संभवतः 15 जनवरी को ज्वाइनिंग देंगे। दो बड़े अफसरों की स्थायी तौर पर नियुक्ति नहीं होने की वजह से एम्स का कामकाज प्रभावित होता नजर आ रहा है। नियमित कार्यों के साथ यहां अन्य कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। एम्स के संचालन की जिम्मेदारी अभी प्रभारी निदेशक संभाल रहे हैं, जिनके पास भोपाल का स्थायी प्रभार है। माना जा रहा है कि डीडीए के चार्ज लेने के बाद प्रशासनिक कामकाज में कुछ कसावट आएगी। डिप्टी डायरेक्टर की तरह निदेशक का पद संभालने वाले डाक्टर के भी सेना से संबंधित अस्पताल से जुड़े होने की चर्चा है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि माह के अंत तक उनकी भी ज्वाइनिंग हो जाएगी।

एम्स से निदेशक के रूप में डॉ. नितिन एम. नागरकर ने जुलाई 2022 को अपना कार्यकाल पूरा किया था और उसके कुछ समय बाद डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता का कार्यकाल समाप्त हो गया था। डा. नागरकर के जाने के एक माह बाद यहां का प्रभार भोपाल एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह को दिया गया है।

# मरीजों को नहीं पता... ओपीडी में कौन से डाक्टर करेंगे उनका इलाज

विभागों के सामने नहीं लगी ड्यूटी वाले डाक्टरों की सूची

हरिभूमि न्यूज:रायपुर




राजधानी के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में उपचार कराने आने वाले मरीजों को इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है कि ओपीडी में कौन से डाक्टर उनका इलाज करेंगे। काफी समय पहले प्रत्येक विभाग के सामने ओपीडी के दिन के साथ ड्यूटी डाक्टरों की सूची लगाने की योजना बनाई गई थी, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

आंबेडकर अस्पताल में दूरवर्ती इलाकों से भी इलाज के लिए मरीज पहुंचते हैं। जानकारी के अभाव में उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। इस तरह की परेशानी को ध्यान में रखते हुए कुछ समय पहले अस्पताल में मरीजों के लिए मौजूद उपचार की सुविधा सहित डाक्टरों की जानकारी डिस्प्ले के माध्यम से मरीजों को दिए जाने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत सभी विभागों के ओपीडी कक्ष के बाहर दिन के हिसाब से ओपीडी में सेवा देने वाले ड्यूटी डाक्टर की सूची भी लगाई जानी थी। इसकी मदद से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इस बात का पता चल जाता कि उनकी जांच कौन से डाक्टर करेंगे। इसके साथ ही उन्हें यह भी जानकारी हो जाती है कि इलाज करने वाले डाक्टर की अगली ड्यूटी कब होगी। योजना बनाकर इसे पूरा करने का निर्देश तो जारी हुआ, मगर काम एक-दो विभागों के बाद ठंडा पड़ गया। आंबेडकर अस्पताल में संचालित बीस से ज्यादा विभागों में मेडिसिन सहित कुछ एक विभागों को छोड़कर बाकी के कक्ष के बाहर अब तक डाक्टरों की ओपीडी ड्यूटी की जानकारी देने वाला चार्ट नहीं लग पाया है। मरीजों को कई बार इसकी वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## पंजीयन हाल में व्यवस्था

विभागों और डाक्टरों का ब्योरा देने वाला डिस्प्ले बोर्ड ओपीडी पंजीयन हाल में लगाया गया है। मुख्य द्वार के ऊपरी हिस्से में बोर्ड लगा होने की वजह से लोगों का ध्यान उस तरफ नहीं जाता। सुविधा का ध्यान रखने के लिए विभागों के बाहर डाक्टरों की सूची लगाने की आवश्यकता है। निजी अस्पतालों सहित एम्स में ड्यूटी डाक्टर की जानकारी देने सूची लगाने की व्यवस्था होती है।

## सुविधाओं की जानकारी नहीं

योजना के तहत सबसे बड़े शासकीय अस्पताल होने का दर्जा प्राप्त आंबेडकर अस्पताल के द्वार पर उपलब्ध सुविधाओं का विवरण दिए जाने वाला बोर्ड भी लगाया जाना था। इस पर भी काम पूरा नहीं हो पाया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि मौजूद सुविधाओं की जानकारी होने से लोगों का शासकीय अस्पतालों के प्रति विश्वास और बढ़ता।

# भनपुरी में उपद्रव मचाने वाले 19 गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

राजधानी रायपुर के भनपुरी इलाके में हिंदी फिल्म के गुंडे-बदमाशों की तरह एक युवक से बदला लेने के इरादे से दो दर्जन से अधिक गुंडे-बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। इस दौरान आरोपियों ने स्टिक, रॉड-लाठी एवं पत्थर से गाड़ियों को तोड़ने के साथ आम लोगों से भी मारपीट की थी, जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत के साथ घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। हालांकि पुलिस वारदात के बाद तत्काल एक्शन में आई और मुख्य सरगना सहित 19 आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने भी गुंडे-बदमाशों को फिल्मी स्टाइल से ही सबक सिखाया। लोगों के मन से उनकी दहशत खत्म करनेभनपुरी इलाके में सभी आरोपियों का नंगे पैर जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई लोग ने आरोपियों के जुलूस का विडियो एवं फोटो बनाकर सोशल मीडिया में भी शेयर किया। खमतराई सीएसपी अविनाश मिश्रा ने बताया कि बिरगांव निवासी पंकज कुशवाहा की भनपुरी निवासी विपिन मिश्रा के बीच रविवार रात को किसी बात पर मारपीट हो गई थी। इसके बाद विपिन रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंच गया था, लेकिन पंकज के साथियों ने पंकज और विपिन के बीच समझौता करा दिया, जिसके बाद विपिन रिपोर्ट दर्ज कराए बिना लौट गया था, लेकिन पंकज ने इसकी रंजिश पाल ली थी और इसी का बदला लेने के लिए सोमवार दोपहर में वह अपने करीब दो दर्जन साथियों के साथ विपिन को ढूंढते हुए उसके मोहल्ले भनपुरी पहुंच गया। विपिन जब मोहल्ले में कहीं नहीं मिला, तो आरोपियों ने उसके मोहल्ले में दहशत फैलाने के लिए स्टिक, रॉड, लाठी एवं पत्थर से करीब आधा दर्जन गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए कुछ आम लोगों के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने इस मामले में मुख्य सरगना पंकज सहित 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 294, 506 (बी) 323, 427, 452, 147, 148, 149 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत कार्रवाई की है। आरोपियों के उपद्रव मचाने से क्षेत्र के लोगों के साथ व्यापारियों में भी भारी दहशत है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए जल्द से जल्द फरार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की मांग की है।

## शपथ पत्र

मैं मुकेश कुमार श्रीवास्तव उम्र 62 वर्ष पिता स्व. के.एन. किशोर निवासी मकन नं एल.आई.जी.-58 वार्ड क्रमांक 22 शिवाजी नगर कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवसी हूँ। तथा मेरा आधार नं 4422 9075 6385 है।

2. यह कि, मै मुकेश कुमार श्रीवास्तव मेरे पुत्र अंकित श्रीवास्तव द्वारा दुर्व्यवहार के कारण यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा कमाई गई अथवा अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति से पुत्र एवं पुत्रवधू को बेदखल करता हूँ। परिवार एवं परिचित और किसी के द्वारा किसी

भी तरह का व्यवहारिक लेन-देन किया जाता है तो मेरा किसी भी प्रकार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। 3. यह कि मैं यह शपथ पत्र सार्वजनिक घोषणा समाचार पत्र में प्रकाशन एवं सर्वजनों को

सूचित कराना चाहता हूँ। 4. यह कि, यह शपथ पत्र उक्ताशय के सबंध में निष्पादित किया जा रहा है जिसे समाचार पत्र में प्रकाशन किया जाना है।

शपथकर्ता
मुकेश कुमार श्रीवास्तव

## न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

### विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2023,
बिलासपुर, दिनांक 21.12.2023

श्री सौरव साहा आत्मज स्व. संजय साहा उम्र 27 वर्ष निवासी सुमंगल आपर्टमेंट लिंक रोड बिलासपुर थाना तारबहार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी वंदना विश्वास आत्मजा श्री कृष्णा विश्वास उम्र-19 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत पार्वतीपुर पोस्ट सिलफिली थाना जयनगर तहसील पिल्खा जिला सूरजपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 22.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सौरव साहा


वंदना विश्वास

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

# रात-दिन का तापमान तीन डिग्री ज्यादा गुरुवार से ठंड की वापसी के आसार

हरिभूमि न्यूज:रायपुर।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर में रात और दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक हो गया है। इसमें गुरुवार से गिरावट होने के साथ ठंड की वापसी की संभावना बन रही है। 15 जनवरी तक रात के तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आने की वजह से ठंड बढ़ने के आसार बन गए हैं।

दिसंबर के अंत में लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ठंड की विदाई हो गई थी, जिसके दस दिन बाद पुनः छत्तीसगढ़ में असर दिखने की संभावना बन चुकी है। हवा की दिशा में बदलाव होने से गुरुवार से रात के तापमान में गिरावट आने के साथ बढ़ती ठंड महसूस होगी। ठंड का असर पहले सरगुजा संभाग में होगा। दूसरे दिन से इसका प्रभाव मध्य तथा दक्षिणी हिस्से में महसूस होगा। माना जा रहा है कि ठंड का प्रभाव 15 जनवरी तक रह सकता है। इस दौरान तापमान में आने वाली गिरावट की वजह से उसके सामान्य स्थिति में आने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा का कहना है कि ठंड का सीजन अभी बाकी है। आधी फरवरी तक इसका प्रभाव रहता है। अभी ठंड का असर देर रात से अलसुबह तक रहता है। पिछले चौबीस घंटे में आसमान साफ होने की वजह से दिन में धूप खिली रही और उसमें गर्माहट का अहसास हुआ। अगले चौबीस घंटे में हरियाणा के ऊपर बने एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से कबीरधाम और उससे लगे आसपास के जिलों में बूंदाबांदी होने की संभावना बन रही है।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक आज

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं नव-नियुक्त छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में बुधवार को दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रखी गई है। बैठक में एआईसीसी सदस्य, विधायक, प्रत्याशी, जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हिस्सा लेंगे। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी, आसन्न लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जायेगी।

## कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शास. चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

(वेबसाईट-WWW.GMCRAIGARH.EDU.IN ई-मेल GMCRAIGARH.2013@GMAIL.COM)

क्रमांक/शा.चि.म./स्था./2024/317 रायगढ़, दिनांक 08/01/2024

### वार्ड ब्वाय / आया पद के सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के पात्र-अपात्र सूची पर दावा आपत्ति की सूचना

कार्यालय अधिष्ठाता, शा.चि.म, रायगढ़ द्वारा जारी संशोधित विज्ञापन क्र. - 4594 / 19.09.2017 द्वारा विज्ञापित वार्ड ब्वाय / आया के 42 पदों पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र-अपात्र सूची क्रमांक / शाचिम / स्था / 2023 / 9656, दिनांक 06.10.2023, जारी कर दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया था तथा समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जनसंपर्क संचालनालय को प्रेषित किया गया था। विधानसभा निर्वाचन - 2023 हेतु दिनांक 09.10.2023 से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण दावा-आपत्ति की सूचना, समाचार पत्रों में प्रकाशित नही हो पाया था, अतएव उक्त दावा-आपत्ति को कायालयीन पत्र क्रमांक-9971/17 10.2023 द्वारा तत्काल स्थगित किया गया था ।

चयन समिति की संज्ञान में यह पाया गया कि उक्त पात्र-अपात्र सूची क्रमांक / शाचिम/स्था / 2023 / 9656 दिनांक 06.10.2023, विज्ञापन क्रमांक - 4594 / 19.09.2017 की कंडिका-21 के अनुरूप नही है। अतएव चयन समिति की बैठक दिनांक 12.12.2023 में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय अनुसार विज्ञापन की कंडिका-21 में लिखित परीक्षा / कौशल / दक्षता परीक्षा में एक या एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त होने की दशा में उनके आवश्यक शैक्षणिक अर्हता के प्राप्तांक के अधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी । आवश्यक शैक्षणिक अर्हता के अंक भी समान होने पर जन्मतिथि के वरिष्ठता के आधार पर अंतिम मेरिट सूची जारी की जावेगी । उल्लेखित अनुसार पात्र-अपात्र सूची क्रमांक/शाचिम/स्था / 2023 / 9656 दिनांक 06.10.2023 को संशोधित करते हुये अभ्यर्थियों के 08वीं कक्षा के प्राप्तांक को शामिल कर मेरिट क्रम में पात्र अपात्र सूची पुनः जारी की गई है, जिसका अवलोकन WWW.GMCRAIGARH.EDU.IN तथा नोटिस बोर्ड से किया जा सकता है।

उक्त पात्र-अपात्र सूची के संबंध में दावा-आपत्ति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में दिनांक 25.01.2024 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। दिनांक 25.01.2024 के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार्य नही होगा तथा चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

अधिष्ठाता
4 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
रायगढ़

जी-06986/3

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / 65 तक.शा. / न.पा.प. / 2024 कटघोरा दिनांक 09.01.2024

### मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका कटघोरा द्वारा नीचे वर्णित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा प्रचलित एस. ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संशोधनो के साथ) कम अधिक या समान दर पर निविदा प्रपत्र 'अ' पर त्रिलिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 29.01.2024 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
2. आवेदन परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 31.01.2024 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
3. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से निविदा पहुचने की अंतिम तिथि - 07.02.2024 कार्यालयीन समय 4.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि - 09.02.2024 कार्यालयीन समय 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख रू.) | अमानत राशि (टी.डी.आर.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन के तहत् वार्ड क्र. 08 में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य | 16.92 | 12690/- | 750/- | 6 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से या छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास के वेब साईट www.uad.cg.gov.in डाउनलोड किया जा सकता है।

// जल है तो कल है / / प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें / / स्वच्छ नगर स्वस्थ नागरिक //

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा

## Chhattisgarh InfoTech Promotion Society(CHIPS)

2th Floor SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492002 Phone: 0771-4014158 Fax: 0771-4014158 E-mail: ceochips@nic.in

### Notice Inviting Tender

NIT No.- 03/CHIPS/GIS/2023 RAIPUR, DATED 08 /01 /2024

Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHIPS), under Department of Information Technology, Govt. of CG invites technical and financial proposals from reputed Bidder for **Notice Inviting Tender "Selection of System Integrator for Geo Referencing & Digitization of Cadastral Maps (Land Records) of State of Chhattisgarh"**

The document can be downloaded from the website www.chips.gov.in https://eproc.cgstate.gov.in.

Last date of Bid Submission is 29/01/2024

**(Approved by CEO, CHIPS)**

S-39314 COO, CHIPS

## नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं, तथा राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर 19 नवा रायपुर

### निविदा सूचना

विज्ञप्ति क्रमांक / 34 / सा.शा / फायर/ 2024 नवा रायपुर दिनांक 08.01.2024

महानिदेशक नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय सेक्टर 19 नया रायपुर छ0ग0 की ओर से निविदा सूचना क्रमांक 690 दिनांक 07.12.2023 के तहत निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से चेसिस क्रय तथा चेसिस मे Fabrication कार्य हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई । जिसका प्रकाशन जी क्रमांक 06272 के तहत किया गया, उक्त निविदा को निरस्त किया जाता

पुनः मूलनिर्माताओं से चेसिस क्रय तथा चेसिस मे Fabrication कार्य हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर, रू0 1000 = 00 ( रू0 एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 07.02.2024 के 16:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है ।

निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि 07.02.2024 समय 16:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08.02.2024 समय 12:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 08.02.2024 समय 13:00 बजे

निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाईट HTTPS://FIRENOC.CG.GOV.IN/ से डाउनलोड कर सकतें

अति0 महानिदेशक
नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं,
तथा राज्य आपदा प्रबंधन बल
छत्तीसगढ़

जी-07002/6

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

### बिजली बंद की सूचना

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लमगांव वितरण केन्द्र में उच्च क्षमता 3.15 MVA से 5 MVA का पॉवर ट्रांसफार्मर दिनांक 10.01.2024 दिन बुधवार को लगना प्रस्तावित है, को प्रातः 9.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक आवश्यक कार्य होने के कारण विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्रं. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | 10.01.2024 बुधवार | 33 के.व्ही. लमगांव फीडर | 11 के.व्ही. फीडर रघुनाथपुर, कोटगंगापुर, लमगांव, चोरकीडीह एवं बटवाही से निकलने वाली समस्त ग्राम में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा । |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।
- स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ -
" विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

आर. नागवंशी
(13331782)
कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. अंबिकापुर

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं भू-अर्जन अधिकारी. कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

-:: लोक सूचना-पत्र ::-

क्रमांक / 118 / अ.वि.अ. / भू-अर्जन / कटघोरा, दिनांक 08/01/ 24

(भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 21 के तहत् )

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 21 के अधीन छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना से उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को छ.ग. राज्य में कटघोरा व्यपवर्तन योजना अंतर्गत नहर निर्माण कार्य के निष्पादन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी और उक्त अधिनियम की धारा 19 के अधीन उक्त अधिसूचना का सार दैनिक समाचार पत्र (हरिभूमि दिनांक 31 मार्च 2023 एवं राष्ट्रीय विजय मेल दिनांक 31 मार्च 2023 ) में प्रकाशित किया गया था।

अत: अब राज्य शासन सक्षम अधिकारी से उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और अधिनियम 2013 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह घोषणा करती है कि इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जायेगी ।

और यह कि राज्य शासन उक्त अधिनियम की धारा 21 के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इसके उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर राज्य शासन में आत्यांतिक रूप से निहित हो जायेगी।

और यह कि ये अधिसूचना छ.ग. राज्य शासन के राजपत्र में दिनांक 12 मई 2023 को प्रकाशित की जा चुकी है।

और यह कि राज्य शासन द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 21 के अनुसरण में उपर्युक्त वर्णित भूमि में हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिगत रूप से या किसी अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से सक्षम अधिकारी अर्थात अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) कटघोरा के सम्मुख दिनांक 15/01/2024 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने हित की प्रकृति का कथन साक्ष्यों सहित कर सकता है।

**ग्राम धवईपुर रा.नि.म. कटघोरा तहसील कटघोरा जिला - कोरबा (छ.ग.)**

| स.क्र. | खसरा नं. | क्षेत्रफल | स.क्र. | खसरा नं. | क्षेत्रफल | स.क्र. | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 655/2 | 0.113 | 10 | 642/2 | 0.008 | 19 | 692/2 | 0.040 |
| 2 | 658/2 | 0.073 | 11 | 643/1 | 0.036 | 20 | 697/1 में से | 0.024 |
| 3 | 660 | 0.061 | 12 | 624 | 0.020 | 21 | 700/1 में से | 0.073 |
| 4 | 658/1 | 0.036 | 13 | 626/2 | 0.045 | 22 | 663/1, 663/2. 663/3 | 0.049 |
| 5 | 641 | 0.065 | 14 | 697/2 | 0.016 | 23 | 656/1 | 0.004 |
| 6 | 655/1 | 0.145 | 15 | 698/2 699/1 | 0.008 | | योग | 1.120 |
| 7 | 661/1 | 0.073 | 16 | 698/3 | 0.045 | | | |
| 8 | 642/1क | 0.020 | 17 | 698/5 | 0.069 | | | |
| 9 | 642/1ख | 0.069 | 18 | 692/1 | 0.028 | | | |

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं
भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा

जी-06992/1

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रामलला को लगेगा...

छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है, ऐसे में राम मंदिर ट्रस्ट ने यहां विश्व हिंदू परिषद के साथ अन्य संगठनों को बड़ी जिम्मेदारी दी है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है। इस दिन देश के साथ विदेशों से भी भारी संख्या में भक्त पहुंचेंगे। जहां एक तरफ रामलला को भोग लगाने के लिए प्रसाद बनेगा, वहीं भक्तों के लिए भी भारी मात्रा में प्रसाद बनाने का काम होगा। ऐसे में देश के कई राज्यों से अलग-अलग सामान भेजा जा रहा है।

### भेजी गई चना...

101 नग, कपूर, धूप बत्ती, गंगाजल सहित पूजा का सामान भी भेजा गया। रामलला को प्रसाद के भोग के साथ खाने की थाली का भी भोग लगेगा। यही वजह है कि यहां से सब्जियों के साथ मसाले भी भेजे गए हैं, ताकि भगवान श्री राम के ननिहाल की इसमें सहभागिता हो सके। सामान से भरे ट्रक को आरएसएस के प्रांत सह संघचालक टोपलाल वर्मा, महंत वेदप्रकाश, विहिप के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, प्रांत सहमंत्री घनश्याम चौधरी और प्रांत कोषाध्यक्ष सीए शवल शाह ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 75 फीसदी नए...

देवरी, नागपुर में मूर्ति आर्डर डिलीवर करना है। इसके आलावा छग के कोने-कोने से आर्डर मिले हैं। इसमें जनवरी माह में ही दंतेवाडा, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, पाटन, नेवई, खडगांव, मानपुर-मोहला, भानुप्रतापुर, दुर्ग के बोरसी, धमतरी, सिहावा जैसे जगह से आर्डर आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा आर्डर राजधानी रायपुर के हैं।

### आकार देने जुटे...

के पहले ही मूर्तियां मांगी हैं। दुर्ग का पहला संस्थान है, जहां राजस्थान के पत्थरों से भगवान की मूर्तियां तराशने का कार्य पिछले तीस साल से किया जा रहा है। मार्बल की मूर्तियां का अधिक डिमांड होने के चलते यहां अब तक विदेशों में भी सप्लाई हो चुकी है।

### सात समंदर पार...

है, जहां संगमरमर की मूर्तियां तैयार की जाती है। यहां इन दिनों सबसे ज्यादा रामदरबार की मूर्तियां बनाने का आर्डर है। संचालक कुशल उजाला ने बताया कि, पहले जहां छः माह में आर्डर आते थे, वह इन दिनों एक जनवरी से ही मिल चुके हैं। अन्य दिनो में साल में दस से बीस मूर्तियां आर्डर मिलते थे, लेकिन जनवरी मे ही सैकडों आर्डर मिलने के चलते यहां कारीगरों की कमी हो गई है। आर्डर पूरा करने दिन और देर-रात कारीगर काम में लगे है।

### आखिर शिकार कैसे...

खाकर फंदे में फंस जाते हैं। साथ ही एक बहुत पुराने शिकारी जो अब यह कार्य नहीं करते, उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि छोटे वन्यप्राणी कोटरी, खरगोश और हिरण का शिकार छोटे फंदे में आसानी से करते हैं, लेकिन गांव में बहुत ही उपयोगी घुंघरू बजाकर शिकार करने का मामला सामने आया है। इस मामले में उन्होंने बताया कि जंगल से लगे गांव के नजदीक शाम के समय जब छोटे वन्यप्राणी के पहुंचने से पहले फंदे को लगा लेते हैं और घुंघरू को एक विशेष प्रकार से बजाया जाता है, जिसकी आवाज सुनकर छोटे वन्यप्राणी सीधे फंदे की तरफ जाकर फंस जाते हैं, लेकिन अब इसका उपयोग बंद हो गया, क्योंकि घुंघरू बजाने से शिकार के संबंध में अन्य लोगों को पता चल जाता है।

### खाल और अन्य...

हिरण, सांभर, कोटरी, जंगली सुअर, भालू के विभिन्न महत्वपूर्ण अंग व अवशेष बरामद किए हैं। दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है और तो और ओडिशा सीमा के गांवों में वन्यप्राणियों के शिकार करने के लिए देशी भरमार बंदूक बनाने के कारखाने तक में छापा मारकर कार्रवाई की है।

### बम चबाने से...

गौरतलब है कि कांकेर वनमंडल में पिछले सप्ताह जंगली सुअर का शिकार करने शिकारियों ने बकरी की अतड़ियों में माउथ बम लपेटकर जंगल में फेंक दिया था। शिकारियों द्वारा फेंके गए माउथ बम को लकड़बग्घा खाने की वस्तु समझकर चबा गया। बम को खाने की वस्तु समझकर चबाने की वजह से बम लकड़बग्घे के जबड़ा में फट गया और उसका नीचे तरफ का जबड़ बुरी तरह से डैमेज हो गया। कांकेर वनमंडल के वनकर्मी गंभीर हालत में लकड़बग्घे को गुरुवार को उपचार के लिए जंगल सफारी लेकर आए, जहां उसकी उपचार की दौरान मौत हो गई।

### पीएम की सहृदयता...

कार्यक्रम के दौरान पहली बार पहुंचे आदिवासी सीएम का बिंझिया समाज के अतिरिक्त संवरा, धागड़, गोड, धनुहार, भुईया, पन्डो, खेरवार, अमनित, कोडा, बिरजिया देहारी कोरवा, सनसारी उरांव, चिक-चिकवा, मलार, अगरिया इत्यादि जनजाति समुदाय ने परम्परागत रूप से स्वागत किया। इसके साथ ही सीएम ने जिले को 30 करोड़ 7 लाख रू के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। **सरगुजा अंचल ने रचा इतिहास : डॉ. रमन**-प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाकर सरगुजा अंचल ने एक इतिहास रचा है। डॉ. सिंह ने कहा हमारे कार्यकाल में बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के मात्रात्मक त्रुटि के निराकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए थे और उसी का परिणाम रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में इन वर्गों के साथ न्याय करते हुए इन जातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किया।

### बस्तर का लायचा...

औषधीय गुणों की पहचान होने के बाद अब धान की नई प्रजाति बना दी है, जिसका नाम संजीवनी दिया है। इस चावल को खाली पेट 10 ग्राम 70 डिग्री कुनकुने पानी में बनाकर खाने से इसका लाभ शरीर में दिखाई पड़ता है। 10 दिनों में शरीर में इम्यूनिटी बूस्ट होती है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में संजीवनी चावल से तीन प्रोटोटाइप उत्पाद तैयार किये हैं, जिनमें संजीवनी इन्स्टेन्ट, मधु कल्क व संजीवनी राइस बार शामिल हैं।-

### दवा की तरह...

और मैक्रोफेज द्वारा मृत कोशिकाओं की निकासी और टी कोशिका प्रसार में वृद्धि होती है, जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। संजीवनी चावल एंटी-वायरल और कैंसर रोग से बचाव में उपयोगी पाया गया है। संजीवनी के सेवन से प्रतिरोधक क्षमता का विकास ट्रैन्स्क्रिप्शन फैक्टर एनआरएफ के सक्रियण के माध्यम से होता है।

### जंगल सफारी का...

सीजेडए ने अनुमति प्रदान कर दी है। जल्द ही अदला बदली की जाएगी। इसके साथ ही सफारी प्रबंधन तथा मैत्रीबाग जू प्रबंधन के बीच एक जोड़ी चौसिंगा के बदले सियार देने पर भी सहमति बनी है। गौरतलब है कि जंगल सफारी में रह रहे व्हाइट टाइगर देव तथा जया एक ही मां की संतान हैं। दोनों पूरी तरह से व्यस्क हो चुके हैं। एक ही मां की संतान होने की वजह से दोनों के बीच मेटिंग कराने से जेनेटक समस्या आ सकती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मादा व्हाइट टाइगर एक्सचेंज करने का निर्णय लिया गया है।

### पति से नफरत...

स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी, जिसने महिला को शव के साथ गिरफ्तार कर लिया। **ऐसे हुआ मामले का खुलासा**-दरअसल, सेठ के चेकआउट के बाद जब होटल के कर्मचारी सफाई के लिए कमरे में गए तो उन्हें खून के धब्बे देखकर शक हुआ। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी होटल के मालिक को दी और गोवा पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने होटल का सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पाया कि महिला अपने बेटे के साथ आयी थी, लेकिन चेकआउट अकेले किया। इससे शक बढ़ गया।**कैब बुलाने की जिद से हुआ शक**-होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि सेठ ने होटल से मांग की थी कि लगभग 600 किमी की दूरी के लिए एक कैब बुक की जाए, लेकिन हवाई मार्ग से वह जल्दी पहुंच जाती। कर्मचारियों ने सेठ को विमान से जाने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। बेटे के बारे में पूछने पर उसने अपने दोस्त के यहां छोड़ने की बात कही। इसके बाद वह कैब में अपना सामान लेकर बेंगलुरू के लिए निकल गई।

### शमी अर्जुन पुरस्कार,...

रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों सहित राष्ट्रपति मुर्मू ने विभिन्न खेल की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। बता दें कि मोहम्मद शमी 2023 के एकमात्र ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। **चिराग और सात्विकसाईराज को मिला खेल रत्न**-भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। उनके लिए 2023 का साल यादगार रहा। सात्विक-चिराग की जोड़ी 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रही थी। इस जोड़ी ने अक्टूबर 2023 में नंबर-1 रैंकिंग हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। य







epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

**Contact For Advertisement Booking**
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** घरेलू काम करने एवं खाना बनाने हेतु महिला की आवश्यकता है। समय शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक पता अल्का एवेन्यू A/17 उसलापुर बिलासपुर सम्पर्क करें- 7987936060 **(32485)**

**आवश्यकता है-** टीवी, डीजे शोरूम में सभी कार्य करने हेतु युवक एवं युवती की आवश्यकता है। वेतन 6000 से 8000 योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स सदर बाजार, करोना चौक, बिलासपुर **(32486)**

**आवश्यकता है-** कपड़ा शोरूम में सेल्समेन, हेल्पर लड़के, लड़कियां, कम्प्युटर आपरेटर लड़का, टेलरिंग हेतु लड़कियां चाहिये। पता न्यूलुक कलेक्शन, पीएनएस कालेज के बाजू में बृहस्पति बाजार चौक के पास, राजेन्द्र नगर बिलासपुर **(32489)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में सिक्योरिटी गार्ड, ऑपरेशन मैनेजर सुपरवाइजर (केवल अनुभवी) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक, बिलासपुर 9165931618, 8319001366 **(32493)**

**आवश्यकता है-** लोरमी के एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय के लिये शिक्षक की आवश्कयता है अंग्रेजी शिक्षक 01 पद, संस्कृत शिक्षक 01 , गणित शिक्षक 01 पद विषय की अकादिमक योग्यता तथा अध्यापन अनुभव रखने वाले ही आवेदन करें कृपया आकर्षक वेतन संपर्क 83495 06457, 6263934034 **(32483)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय चाहिए योग्यता- 12वीं, वेतन योग्यतानुसार पता - मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर **(32490)**

**आवश्यकता है-** एफ.एम.सी.जी. में सेल्समैन और सेल्सगर्ल, गोदाम में माल निकालने के लिये लड़कियो की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग एफसीआई रोड तारबहार बिलासपुर 8305099999, 90091 99997 **(951)**

**आवश्यकता है-**बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/ बेरोजगार लड़कें लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्ट टाइम/ फुल टाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28500 से 35500 महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए NOC-2150/- जरूरतमंद लोग कॉल/ Whats App करें +918583047417 **(1310)**

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में मेडिकल खोलने हेतु फार्मेस्सिट, बी फार्मा, डी फार्मा 01 पद मेल बीएससी नर्सिंग 01 पद की आवश्यकता है सकरी बिलासपुर मो. 9685609735 **(32484)**

**आवश्यकता है-** शॉप में कार्य हेतु लड़के चाहिए। योग्यता 12वीं, समय सुबह 10 से रात 8.30 तक। पता- मोटवानी होटल & किचन वेयर्स नियर दीनदयाल गार्डन त्रिवेणी भवन रोड व्यापार विहार बिलासपुर 9329477657 **(32497)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर अमेरी चौक एवं नर्मदा नगर हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन 8000 से 8500 तक बायोडाटा सहित तत्काल सम्पर्क करें- 9926683722, 9039567204 **(32498)**

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला टेन्ट हाऊस कुम्हारपारा बिलासपुर में काम करने हेतु अनुभवी ड्रायवर एवं दो लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 6260273334, 98266 01147 **(32494)**

**आवश्यकता है-** नेत्र चिकित्सालय में कार्य करने के लिए डेस्क कार्यकारी की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- संकल्प नेत्र चिकित्सालय, बिलासपुर 9425227054, 07752 422654 **(32487)**

**आवश्यकता है-** होलसेल रेडीमेड शॉप में काम करने के लिए अनुभवी लड़के की आवश्यकता है पता- बीटी कलेक्शन सूर्या गारमेंट्स के आगे, गली नम्बर 3, कश्यप कॉलोनी, बिलासपुर 91313 21776, 8305888548 **(32495)**

**आवश्यकता है-** सीसीटीवी कैमरा/ डीटीएच फिटिंग हेतु लड़के/ ऑफिस की साफ सफाई, सेल्स मार्केटिंग, कंप्यूटर वर्क हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्कः- निशानिया मार्केटिंग जूनी लाईन बिलासपुर 99934 55200, 07752415700 **(2411)**

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में गाड़ी चलाने के लिये डाईवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) 7469980000, 077140 75490 **(1078)**

**आवश्यकता है-**एयरपोर्ट (Head Office) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) सैलरी (34900-81300) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना+ खाना+ मेडिकल) रायपुर संपर्क- 08882 895824 **(2369)**

**आवश्यकता है-**घड़ी दुकान में सामान्य कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है। वेतन 6000 से 9000 तक सम्पर्क करें- अशोक वॉच & इले. लक्ष्मी टाकीज के सामने बिलासपुर (छ.ग.) **(32476)**

**आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर (बिलिंग busy में)- 2, टैली अकॉउंटेंट- 1, सेल्समेन-4, सफाई कर्मचारी व गोदाम स्टाफ- 4, इलेक्ट्रीशियन-2 (वेतन वृद्धि के साथ सैलेरी 10000 से 20000) पता पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स टीपी. नगर, कोरबा, 94255 32295 (20940)**

**आवश्यकता है-**बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतू अनुभवी ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम अनुभव 5वर्ष वेतन 11000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट भत्ता। सम्पर्क करें सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, बिलासपुर 9755440437 **(32473)**

**आवश्यकता है-**ऊषा मेमोरियल चर्म एवं नेत्ररोग केन्द्र कुदुदंड बिलासपुर में आफिस कार्य हेतु पुरुष (एकाउटिंग, बैंक कार्य, कम्प्यूटर अनुभवी) सफाई कर्मचारी (गृह कार्य में दक्ष महिला) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क सुनीता हेनरी (समय 9-1, 5-7) **(32474)**

**आवश्यकता है-**सलवार सूट, ब्लाउज पीको फॉल करने वाले कारीगर की आवश्यकता है एवं सिलाई सिखाई जाती है पता- परफेक्ट बुटिक, आटा चक्की के सामने, मुंगेली नाका, बिलासपुर 7389444785 **(32475)**

**आवश्यकता है-**रेस्टोरेंट में चाईनीज शैफ, कान्टी शैफ, चाट कुक, पाव भाजी कुक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जूस लाउंज एण्ड चाट लाउंज रेस्टोरेंट, SBI मेन ब्रांच के बगल में, पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9907959069 **(32479)**

**आवश्यकता है-**Swiggy डिलीवरी बॉय जॉब ज्वाइन करें और पाएं 3000 ज्वाइनिंग बोनस, Daily Petrol Bonus आवश्यक दस्तावेज आधार, पैन कार्ड, बैंक एकाउण्ट काल करें- 70003 98370, 9893686044 स्वयं का बाइक, मोबाइल अनिवार्य। **(32467)**

**आवश्यकता है-**मेट्रीमोनी में टेलीकालिंग एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला, युवती की आवश्यकता है वेतन 5500 अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 96174 67221 **(32480)**

**आवश्यकता है-**शारदा मोटर्स में कार्य करने हेतु सेल्स प्रमोटर -2 पद , फाइनेंस मैनेजर -1 पद केवल पुरुष की आवश्यकता है। बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें-7509050746, 90982 72515 **(32456)**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवकों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं इंसेंटिव सम्पर्क करें- ऑफिस शिव्या प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 97136 66001 9993864783 **(32496)**

**आवश्यकता है-**अशोक नगर, व्यापार विहार, मंगला, सिरगिट्टी, बिल्हा, रायगढ़ में कार्य हेतु गार्ड चाहिए रहना फ्री वेतन 9000 से 13000 पता- आस्था वॉचमैन पावर कंसलटेंसी, शॉप-15 बजरंग काम्पलेक्स बिलासपुर 97547 13125, 7000894356, 8889997822 **(32433)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में काउंटर संभालने, ऑर्डर्स लेने, माल निकालने, लाने लेजाने हेतु लड़के लड़कियां चाहिए। समय 10-8 बजे। वेतन 6000 से 10000 पता प्रीमियर एजेन्सीज, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा, बिलासपुर **(32454)**

**आवश्यकता है-**मोबाइल दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 **(32482)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी - फार्चून रियलिटी में निम्न पदों के लिये- रिसेप्शनिस्ट (फीमेल), टेलीकालर (मेल/फीमेल), सेल्स एक्जीक्यूटिव (मेल/फीमेल), टीम लीडर (मेल/फीमेल)। योग्यता स्नातक, अनुभवी, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, टीम के साथ कार्य एवं नेतृत्व के गुण होना चाहिये। इच्छुक योग्य उम्मीदवार अपनी रिज्यूम भेजें। मो. 7566679879 **(32491)**

**आवश्यकता है-**बिलासपुर में टेलीकॉलिंग हेतु फीमेल कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, बिलासपुर 7999899322 **(32462)**

**आवश्यकता है-**मित्तल फर्नीचर अमेरी चौक में बिलासपुर में एकाउंटिंग एवं सेल्स के लिए सिर्फ अनुभवी लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9826663999 **(32446)**

**आवश्यकता है-**ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेन्ट भर्ती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500+ 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना, मेडिकल फ्री मार्क शीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। सम्पर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास, लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) 9109799525 **(6301)**

**आवश्यकता है-**टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 वर्ष, शिक्षा 8वीं से 12वीं सैलरी 5000 से 10000+ कमीशन कमाने का अवसर मुंगेली नाका बिलासपुर 8349911606, 7225045049 **(32470)**

**आवश्यकता है-**रेडिमेड कपड़ा शोरूम में अनुभवी, सेल्समेन लड़के, लड़कियां एवं बिलिंग करने वाला चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क- Red Fox Mens wear चन्द्रा अपार्टमेंट के सामने, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर 9039204116, 9826168423 **(32466)**

**आवश्यकता है-** स्टोर रूम के लिए शिक्षित मैनेजर एवं अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गजानन्द ग्लास शिव टाकीज चौक के पास पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 7898591319, 9179861619 **(32449)**

**आवश्यकता है-** शारदा गैस सर्विस में कार्य करने हेतु डाटा एंट्री ऑपरेटर (टैली ), कंप्यूटर ऑपरेटर , पिकअप ड्राइवर - 4 पद , पिकअप हेल्पर -4पद , केवल पुरुष चाहिए बायोडाटा सहित संपर्क करें 75090 50746, 9098272515 **(32455)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर टीचर (1पद) की आवश्यकता है। योग्यता- पीजीडीसीए, हिन्दी,अंग्रेजी टाइपिंग में दक्ष, एमएस ऑफिस की अच्छी जानकारी। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- राजा सिंह 7000559098 **(32452)**

**आवश्यकता है-**मैट्रिमोनी में टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर पता श्रीराम केयर हास्पिटल के पीछे, गीतांजलि विहार, अमेरी चौक बिलासपुर 6264979081 **(32460)**

**आवश्यकता है-**किताब दुकान में काम करने के लिए होनहार लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विवेक बुक डिपो, गुरूद्वारा के पास दयालबंद, बिलासपुर 9893378899 **(32458)**

**आवश्यकता है-** UTN Shop में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 तक पता- शॉप नम्बर FS-16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 8878973171 **(32420)**

**आवश्यकता है-** रिटेल मेडिकल स्टोर में सभी कार्य करने हेतु लड़के चाहिए। (स्वयं का साईकिल) मिलने समय- (सुबह- 10:30 से 2बजे) शाम- 5:30 से 10बजे सम्पर्क- गुरु मेडिकल स्टोर राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर **(32395)**

**आवश्यकता है-**रेस्टोरेंट में काम करने के लिए नॉन वेज शेफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- छोटूजी रेस्टोरेंट भारतीय नगर चौक बिलासपुर 97556 55055, 9575655055 **(32453)**

**आवश्यकता है-**Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों, गृहणियां कमाए (15000-45000) महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 079032 84986 **(6700)**

**आवश्यकता है-**अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी/ कमीशन संपर्क करे-96999 91449 **(32329)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य टेलीकालिंग हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता हैं योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट। सम्पर्क करें- नेहरू नगर स्मार्ट रोड, गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(32361)**

**आवश्यकता है-**आफिस कार्य टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 7247256787 **(323402)**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वीं 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना। सम्पर्क करे 9685388875, 88276 88865 **(32471)**

**आवश्यकता है-**रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा/ स्विफ्ट चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी क्रिस्टा-25000, स्विफ्ट-15000+ PF+ ESI+ पेंशन संपर्क करें-राहुल ट्रैवल्स, रायपुर एयरपोर्ट 73994 11411 **(3670)**

## बेचना

**बेचना है-**सकरी शहर के मध्य पक्की रोड से लगी हुई 12×18 की ग्राउण्ड फ्लोर में 2 दुकान, 12×18 की फर्स्ट फ्लोर में 2 दुकान तथा 20×8 का खुला प्लाट बटालियन चौक, नया बाजार के पास सकरी में बेचना है। सम्पर्क करें- क्रांतिलाल साहू 9329646270, 79873 58440 **(32472)**

**बेचना है-**गीतांजली सिटी फेस-2 में पूर्व मुखी 3BHK मकान प्लाट साईज 1800 वर्गफुट एवं बिल्टप एरिया 1000 वर्गफुट तथा पूर्व मुखी 22×53 डायवर्टेड प्लाट भी बेचना है। सम्पर्क करें- 93006 72356, 9644441986 **(32477)**

**बेचना है-**सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय एवं उषा वैली कालोनी के पास सिटी बस स्टॉपेज के सामने बिरकोना बिलासपुर में 1 एकड़ 30 डिसमिल रजिस्ट्री की हुई जमीन तत्काल बेचना है। 9406441535, 93008 78897 **(2409)**

**बेचना है-**DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 **(31649)**

**बेचना है-** उषालता काम्प्लेक्स किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड दुकान 600 फुट एवं नीचे दुकान नं.- 3 एवं 4 बेचना है । सम्पर्क करें- 7582982000, 98266 81000 **(32450)**

**बेचना है-**अशोक नगर में 12×17 का कमर्शियल शॉप तत्काल बेचना एवं 30 डिसमिल प्लॉट बिरकोना में तत्काल बेचना एवं 40×53 का 5 डिसमिल प्लॉट पत्रिका कॉलोनी के पास बेचना है संपर्क- 9907169462 **(2410)**

**बेचना है-**ओम नगर डल्ला गली जरहाभाठा बिलासपुर में दो रूम, हाल किचन लेटरिंग बाथरूम वाला सर्वसुविधायुक्त मकान किराए से देना है या बेचना है सम्पर्क करें- 76930 22919 **(32463)**

**बेचना है-**(1)स्कूल बस महिंद्रा कॉस्मो 2013 मॉडल 32 सीटर (2) दो टाटा मैजिक 2015 मॉडल सभी गाड़ियां रनिंग कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- राजा सिंह 70005 59098 **(32451)**

**बेचना है-**यदुनन्दन नगर तिफरा के विभिन्न हिस्सों में डायवर्टेड प्लॉट कीमत 550 से 1100 रुपए में एवं 26 लाख में 2BHK मकान, 2:67 लाख छूट। संपर्क रविन्द्र पाटनवार 9753311111 **(31558)**

**बेचना है-** 31×76= 2368 फुट, वर्मा नर्सिंग होम विनोबा नगर के आगे SK फिटनेस जिम के पीछे डिपूपारा में टिपटॉप सामने गार्डन बना 3BHK मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा) सम्पर्क- 8770963388, 9131452265 **(32488)**

## किराया

**किराया -** विद्यार्थी, नौकरी पेशा, छोटे परिवार हेतु सर्वाधिक उपयुक्त 2/3 BHK मकान किराए पर देना है अवंतिका D/50 अभिलाषा परिसर नया बस स्टैण्ड के पीछे तिफरा बिलासपुर, सम्पर्क करें- 8408888662 **(32492)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**किराया-** सर्व सुविधायुक्त 2BHK के दो मकान भू तल ग्राउण्ड फ्लोर में सेप्रेट मकान इंदिरा कालोनी विद्या नगर कृष्णा विहार अपार्टमेंट के सामने मकान किराये पर देना है संपर्क करें- 9425229830, 7987709749 **(32443)**

**किराया-**Jain Plaza near CMD Chowk, Ground floor में फ्रण्ट की शॉप 400 Sqft) किराये से देना है। Contact- 83199 52306 **(32271)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष-** आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। पताः-2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg संपर्कः- स्वामी कुलदीप जी 80591 78317 **(2384)**

**ज्योतिष-**फ्री सेवा घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन, दुश्मन छुटकारा, लव मैरिज, रूठें मनाना, ग्रह कलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119 **(12146)**

## व्यापार

**व्यापार-**घर में पार्ट/ फुलटाईम कम्पनी हेतु काम करें विद्यार्थी, गृहणी, रिटायर्ड, नौकरी पेशा व्यवसायी MNC-94, देशो में कार्यरत कंपनी शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नही ट्रेनिंग एवं मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें- 8839008253, 99268 58012 **(32469)**

**नोट- विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी :-मो. 9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स :-मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी :-मो.9826129386
- जे.जे.एडवरटाइजर्स :-मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स :-मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स :-मो.9826705603
- एड प्रयास :-मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर.एडवरटाइजर्स :-मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी :-मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी :-मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन :-मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा :-मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी :-मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स :-मो.9827466133, 9907047586



# मंजूषा, विनीत, कविथा को जीवनपर्यंत ध्यानचंद पुरस्कार, 5 खेलों के कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड


मंजूषा कंवर


विनीत कुमार शर्मा


कविथा सलवाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में खेल मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया।

इन खिलाड़ियों में पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा तथा पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज शामिल हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है। बता दें कि खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।



### इन खिलाड़ियों को मिला ध्यानचंद पुरस्कार

इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर ने 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2004 में पाकिस्तान में आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों में पदक जीता था। पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा ने एशियाई खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं। पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज ने 2010 में एशियाई खेलों और एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं।

### अर्जुन पुरस्कार

ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बाउल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती)। अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (ब्लाइंड क्रिकेट) और प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को सात विकेट से हराकर जीती टी-20 सीरीज

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराते हुए सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में कप्तान एलिसा हीली (55) और बेथ मूनी (52*) की पारी की बदौलत कंगारू टीम ने लक्ष्य हासिल किया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 5वीं टी-20 सीरीज जीती है। बता दें कि भारत ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2016 में अपनी इकलौती टी-20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

### ऐसा रहा रोचक मुकाबला

भारत ने पॉवरप्ले के बाद शफाली वर्मा के विकेट के नुकसान पर 51 रन बनाए। सधी हुई शुरुआत के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और 66 रन तक टीम ने अपने 4 विकेट खो दिए। मुश्किल घड़ी में ऋचा घोष ने 34 रन की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में हीली और मूनी ने पहले विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की। जोरदार शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### मेगन बनी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज

ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट ने अपने 4 ओवर में 36 रन देते हुए 1 विकेट लिया। उनके अब 105 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 132 विकेट हो गए हैं। उन्होंने विकेटों के मामले में निदा डार (130) को पीछे छोड़ा है। शुट्ट के बाद दूसरी सर्वाधिक विकेट वाली ऑस्ट्रेलियाई एलिस पेरी (123) है।

### ऋचा घोष ने खेली उम्दा पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज घोष ने 28 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली, जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इस बीच उन्होंने 9वें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी की थी। घोष ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 13 टी-20 पारियों में 261 रन बनाए हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने अपने चिर-परिचित आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और ऑस्ट्रेलिया ने पॉवरप्ले के बाद बिना विकेट गंवाए 54 रन जोड़े।




# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार तीन मैचों की टी-20 सीरीज कल से

## दोनों देशों के बीच अब तक नहीं खेली गई वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 11 जनवरी से 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी टी-20 सीरीज होगी। अफगानिस्तान और भारत के बीच टी-20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। बता दें कि दोनों देशों के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी 14 महीने बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी भी कर रहे हैं। सभी मैच शाम 7 बजे शुरू होंगे।

### अफगानिस्तान की टी-20 टीम

टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान ने 19 सदस्यीय टीम का चुनाव किया है। इब्राहिम जादरान टीम के कप्तान हैं। अफगानिस्तान की टीमः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनात, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ , मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान। लगभग 1 साल के बाद एक बार फिर रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोट्र्स की माने तो वह टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम के कप्तान हो सकते हैं।



### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल

पहला टी20: 11 जनवरी, मोहाली, शाम 7 बजे से
दूसरा टी20: 14 जनवरी, इंदौर, शाम 7 बजे से
तीसरा टी20: 17 जनवरी, बेंगलुरु, शाम 7 बजे से

### अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

*भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट में सिर्फ 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। अफगानिस्तान एक भी टी-20 मैच भारत के खिलाफ नहीं जीत पाई है।*

# रुद्रांक्ष और मेहुली ने भारत के लिए जीता पांचवां स्वर्ण पदक

**जकार्ता।** रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से हराया। रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रही थी। युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। इन दोनों के क्वालीफाई करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय निशानेबाजों की संख्या 15 हो गई है जो तोक्यो खेलों में देश के सबसे बड़े निशानेबाजी दल की बराबरी है।

## मनीष और सिद्धार्थ आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में

**मांड्या।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी मनीष गणेश और सिद्धार्थ विश्वकर्मा आसान जीत के साथ मंगलवार को यहां आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। गणेश ने नीरज यशपाल को 6-1, 6-1 से हराया जबकि विश्वकर्मा ने आदिल कल्याणपुर को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को हालांकि पुरुष युगल में निराशा का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले देव और उनके जोड़ीदार नितिन कुमार सिन्हा अंतिम 16 में नहीं पहुंच सके।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# कमिंस, दीप्ति, जेमिमा सहित ये खिलाड़ी हुए नामांकित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस को इंटरनेशनल क्रिकेट कॉउंसिल ने दिसंबर महीने के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ग्लेन फिलिप्स और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तैजुल इस्लाम भी इस सम्मान के लिए नामित होने वाले अन्य पुरुष खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों में महिला टीम की दीप्ति शर्मा व जेमिमा रोड्रिग्ज को भी चुना गया है।

### दीप्ति-जेमिमा, मिरांज रहीं सर्वश्रेष्ठ



महिलाओं में भारत की दीप्ति शर्मा और जेमिमा रोड्रिगेज नामित हुई हैं। उनके अलावा जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज नामांकित होने वाली तीसरी खिलाड़ी रही। दीप्ति ने इंग्लैंड के विरुद्ध 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 11 विकेट लिए थे। 55 की औसत से उनके बल्ले से 165 रन निकले थे। जेमिमा ने डेब्यू करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 73 रन बनाए थे। मरांज ने विश्व कप क्वालीफायर में 13 विकेट लिए थे।

### दिसंबर में कमाल का था कमिंस का प्रदर्शन?

*कमिंस के लिए दिसंबर 2023 कमाल का रहा था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 250 विकेट पूरे किए थे। 26 दिसंबर से शुरू हुए मेलबर्न टेस्ट में इस खिलाड़ी ने दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पहली पारी में उन्होंने 48 रन देकर 5 विकेट झटके थे और दूसरी पारी में उन्होंने 49 रन देकर 5 विकेट लिए थे। पर्थ टेस्ट में इस खिलाड़ी के नाम दोनों पारियों को मिलाकर 3 विकेट थे।*

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 24/01/2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, बस स्टॅंड बिलासपुर, 117040700018450, 8527, 117040700020683, 1233, सरकंडा बिलासपुर, 121440700016176, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 131880730014057,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:– इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/– नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.






हाईकोर्ट की खबरें

# महादेव सट्टा एप केसः दम्मानी बंधुओं की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में आनलाइन सट्टा एप के केस में गिरफ्तार हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। दोनों आरोपी अभी जेल में बंद हैं। हाईकोर्ट ने एक सप्ताह पहले सुनवाई पूरी करते हुए मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि रायपुर की स्पेशल कोर्ट में जमानत आवदेन खारिज होने के बाद दोनों आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि दम्मानी बंधु हवाला कारोबारी हैं, जो महादेव एप के अवैध उगाही के रुपए को हवाला के जरिए दुबई ट्रांसफर करते थे। इसके साथ ही यहां छत्तीसगढ़ में महादेव एप का कारोबार संचालित करने और कार्रवाई से बचने के लिए राजनीति लोगों के साथ ही पुलिस के अधिकारियों को हवाला के जरिए रुपए देते थे। जिसका सबूत ईडी ने जुटा लिया है।

महादेव सट्टा मामले की जांच कर रही ईडी की टीम ने 23 अगस्त 2023 को रायपुर और दुर्ग में छापेमारी कर मनी लॉन्ड्रिंग केस में हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी समेत एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर को गिरफ्तार किया था। अपनी गिरफ्तारी के विरोध में दोनों भाइयों ने रायपुर स्थित ईडी की विशेष अदालत में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया था। इसके बाद ईडी ने आरोपियों से पूछताछ के लिए 2 बार कोर्ट से रिमांड लिया और आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था।

### हवाला कारोबारी भाइयों को ईडी ने किया है गिरफ्तार



### सीधे तौर पर कोई साक्ष्य नहीं है- याचिकाकर्ता

स्पेशल कोर्ट से जमानत आवेदन खारिज होने के बाद दोनों भाइयों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। जस्टिस एनके चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने अब मंगलवार को दोनों भाइयों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जमानत मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने तर्क देते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं को राजनीतिक दबाव में गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ सीधे तौर पर कोई साक्ष्य नहीं है और न ही रुपए के लेनदेन का कोई रिकार्ड है। यह भी कहा कि ईडी की पूछताछ पूरी हो चुकी है। अब उन्हें जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से सशस्त्र जमानत देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता दम्मानी बंधुओं के वकील ने यह भी तर्क दिया है कि ईडी ने उनके खिलाफ जो चार्जशीट पेश किया है, वह अधूरी है। लिहाजा, डिफाल्ट चार्जशीट के केस में धारा 167 (2) के तहत उन्हें जमानत दी जाए।

### पर्याप्त सबूत, चार्जशीट में भी कोई डिफाल्ट नहीं- ईडी

ईडी के वकील ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया कि अभी तक इस केस में जितने भी आरोपी अरेस्ट किए गए हैं, उन सभी के खिलाफ पर्याप्त सबूत है और जांच पूरी हो चुकी है। चार्जशीट में भी कोई डिफाल्ट नहीं है। यह भी कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के केस में धारा 44 के तहत ईडी को आरोपियों की गिरफ्तारी और चार्जशीट पेश करने का अधिकार है। ईडी ने केस में जितने भी आरोपियों को गिरफ्तार किया है उन्हें जमानत का अधिकार नहीं है। यह भी कहा गया कि जो आरोपी फरार हैं और विदेश में हैं, उनकी गिरफ्तारी अभी संभव नहीं है। उन्हें अरेस्ट करने पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश किया जाएगा। ईडी की ओर से कहा गया कि आरोपियों को जमानत देने से जांच में सीधा असर पड़ेगा। प्रभावशाली अधिकारी और नेता बचने का रास्ता निकाल लेंगे।

## वेटिंग लिस्ट क्लीयर नहीं की, सहायक प्राध्यापक के पद पर 60 दिन के अंदर नियुक्ति देने का आदेश

हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को दो महीने में सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के पद पर नियुक्ति दी जाए। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग को यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की वरिष्ठता उन लोगों के ठीक नीचे रखी जाए जो वर्ष 2009 की भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त हुए थे और यह भी निर्देश दिया है, इस बीच की अवधि को काल्पनिक रूप से तय किया जाएगा। याचिका के मुताबिक सीजीपीएससी विभिन्न विषयों में सहायक प्राध्यापक के 10 पदों पर भर्ती कर रहा है। याचिकाकर्ता ने सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के पद के लिए उपरोक्त चयन प्रक्रिया में भाग लिया था और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इंटरव्यू के बाद सहायक प्राध्यापक (इतिहास)के 10पदों के लिए एक साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार के बाद सीजीपीएससी ने सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के पदों के लिए चयन सूची जारी की। बाद में 7 अगस्त 2014 को सीजीपीएससी ने प्रतीक्षा सूची के साथ 10 उम्मीदवारों की संशोधित चयन सूची जारी की। प्रतीक्षा सूची में याचिकाकर्ता का नाम क्रम संख्या 03 पर था। बाद में एक चयनित अभ्यर्थी ने सेवा में कार्यभार ग्रहण कर सेवा से इस्तीफा दे दिया और दो चयनित अभ्यर्थी ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

**वैध्यता समाप्त करने का पीएससी ने दिया हवाला-** उपरोक्त अभ्यर्थियों के त्यागपत्र देने एवं ज्वाइनिंग नहीं करने के कारण तीन पद रिक्त थे। याचिकाकर्ता दीप्ती पारधी ने राज्य शासन एवं सीजी पीएससी को प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय ने सीजीपीएससी को पत्र भेजकर सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के पद पर नियुक्ति के लिए दीप्ति पारधी एवं दो अन्य अभ्यर्थियों के नाम प्रतीक्षा सूची से मंजूरी के लिए भेजा। सीजीपीएससी ने सहायक प्राध्यापक (इतिहास)के पद पर याचिकाकर्ता का नाम प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति के लिए मंजूरी नहीं दी और कहा गया कि प्रतीक्षा सूची की वैध्यता समाप्त हो गई है। साथ ही एक अभ्यर्थी ने सेवा में कार्यभार ग्रहण कर इस्तीफा दिया है। उस पद को रिक्त पद नहीं माना जाता है। इसलिए याचिकाकर्ता प्रतीक्षा से नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है। याचिकाकर्ता ने इसके खिलाफ अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी एवं घनश्याम के द्वारा रिट याचिका दायर की। याचिका की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे के बेंच में हुई। कोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग एवं सीजीपीएससी को आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को सहायक प्राध्यापक (इतिहास)के पद पर नियुक्ति देने के लिए निर्देश दिया है।

## रिटायरमेंट के 12 साल बाद मिली दो कर्मचारियों को राहत, मिलेगा समयमान वेतनमान

हाईकोर्ट ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा में पदस्थ वाहन चालक एवं इसी कार्यालय में पदस्थ स्थल सहायक को रिटायरमेंट के 12 साल बाद राहत दी है। 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने के बाद नियमानुसार मिलने वाले तीसरे समयमान वेतनमान का लाभ देने कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के आवेदन का निराकरण करने कहा है। कोरबा जिले के पुरानी बस्ती कटघोरा के रहने वाले शरीफउल्ला खान एवं कोरबा जिले के ही शांति नगर पाली के रहने वाले एए खान ने हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत कर बताया कि वे क्रमशः वाहन चालक एवं स्थल सहायक के पद पर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा संभाग में कार्यरत थे। 31 मार्च 2012 एवं 30 जून 2018 को रिटायर हुए। याचिकाकर्ता क्रमांक 1 की प्रथम नियुक्ति वर्ष 1981 में हुई थी जबकि याचिकाकर्ता क्रमांक 2 की प्रथम नियुक्ति सन 1971 को हुई थी। दोनों ही रिटायर्ड कर्मियों को नियमानुसार सेवा अवधि पूर्ण करने पर तीसरे समयमान वेतनमान का भुगतान किया जाना था। अधिकारियों ने लेकिन ध्यान नहीं दिया। दोनों कर्मचारी 2012 और 2018 में रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के बाद भी तीसरे समयमान वेतनमान का लाभ देते हुए देते हुए अंतर की राशि का भुगतान एवं पेंशन का निर्धारण करने की मांग पर भी सुनवाई नहीं की गई। इससे परेशान होकर एडवोकेट अब्दुल वहाब खान के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने सचिव लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा एवं संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा बिलासपुर संभाग को निर्देश दिया है कि दोनों याचिकाकर्ताओं को उन्हें तीसरे समय मान वेतनमान का लाभ दिए जाने के संबंध में प्रस्तुत अध्यावेदन का निराकरण 60 दिवस के भीतर किया जाए।

## आरआई की पदोन्नति परीक्षा हाईकोर्ट के आदेश से बाधित

पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पदों पर होने वाली विभागीय पदोन्नति परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद परीक्षा को याचिका पर अंतिम आदेश से बाधित रखा है। पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पदों पर पदोन्नति के लिए रविवार को विभागीय परीक्षा आयोजित की जा रही है, इसे लेकर श्यामलाल पटेल व अन्य ने अधिवक्ता अनुकूल विश्वास के जरिए याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा में छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 के नियम 4 और नियम 6 के उप नियम 4 का पालन नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई करते हुए राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा को याचिका पर अंतिम आदेश से बाधित रखा है।

## हाथियों की करंट से मौत के मामले में बिजली विभाग पेश नहीं कर सका बचाव के उपाय और कार्यों की जानकारी

हाथियों की करंट से मौत के मामले में बिजली विभाग की ओर से अब तक किए जा रहे बचाव के उपाय और कार्यों की जानकारी प्रस्तुत नहीं हो सकी। विभाग के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 17 जनवरी तय की है।

### विभाग के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण अगली सुनवाई 17 को

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी और वन विभाग की लापरवाही से छत्तीसगढ़ में हाथियों की लगातार हो रही मौतों पर रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने वर्ष 2018 हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। वितरण कंपनी ने जवाब देकर कहा था कि वे उचित कार्रवाई कर रहे हैं। याचिका का निराकरण होने के बाद वितरण कंपनी ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली नीचे झुकी हुई 4591 किलोमीटर लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने और 3976 किलोमीटर लाइन को कवर्ड कंडक्टर लगाने के लिए वन विभाग से 1674 करोड़ रुपए की मांग की। इस पर वन विभाग ने भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से 1674 करोड़ रुपए देने के लिए कहा। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने पत्र लिखकर वन विभाग को कहा कि बिजली लाइनों का सुधार कार्य करने का कार्य 'स्ट्रिक्ट लायबिलिटी' सिद्धांत के तहत विद्युत वितरण कंपनी का है और वितरण कंपनी और राज्य सरकार को अपने बजट से सुधार कार्य कराना चाहिए। इसके बाद 2019 में सिंघवी ने पुनः जनहित याचिका दायर की। इस पर सुनवाई चल रही है।

# लोकसभा के साथ हर विधानसभा में चुनाव के लिए प्रभारी बनाने की भाजपा की तैयारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब लोकसभा चुनाव में भाजपा की सभी 11 सीटें जीतने की तैयारी है। इसको लेकर लगातार बैठकों में रणनीति बन रही है। जल्द ही हर लोकसभा के साथ हर विधानसभा में प्रभारी बनाए जाएंगे। कमजोर सीटों पर बड़ा फोकस रहेगा और इसको मजबूत करने का जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों के साथ विधायकों को सौंपे जाने की संभावना है। इसी के साथ पार्टी के पदाधिकारियों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। हर लोकसभा के लिए प्रभारियों के साथ एक पूरी टीम काम करेगी।

लोकसभा की तैयारी को लेकर दिल्ली में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश में भी एक बड़ी बैठक पांच जनवरी को हो चुकी है। इसमें बड़ी रणनीति बनाई गई है। अब लगातार संभागों के सम्मेलन के साथ संभागों में बैठकों का भी दौर चल रहा है। भाजपा इस बार हर हाल में सभी सीटें जीतना चाहती है। इसको लेकर केंद्रीय नेतृत्व ने रणनीति भी तैयार कर ली है। इसका रोडमैप तैयार करके प्रदेश भाजपा संगठन को दिया गया है। इस पर प्रदेश संगठन की बैठक में चर्चा भी हो चुकी है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने अब लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा जगदलपुर के विधायक किरण देव को दिया है। इसी के साथ जल्द ही प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी में बदलाव किया जाने वाला है।

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि हर लोकसभा के लिए प्रदेश के मंत्रियों को भी बड़ा जिम्मा दिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश के एक-एक मंत्री को एक-एक लोकसभा का प्रभार सौंपा जा सकता है। इसी के साथ हर लोकसभा की विधानसभाओं के लिए भी प्रभारी बनाए जाएंगे। विधानसभा में प्रभार विधायकों को देने की तैयारी है। जहां पर भाजपा के विधायक नहीं हैं, वहां पर प्रदेश के पदाधिकारियों,

### प्रदेश के मंत्रियों के साथ विधायकों को भी बड़ी जिम्मेदारी देने की संभावना



पूर्व सांसदों, विधायकों को भी जिम्मा दिया जा सकता है। प्रभारियों की पूरी सूची बनाने का काम चल रहा है। पूरी सूची तैयार करके राष्ट्रीय नेतृत्व से इसकी मंजूरी लेकर प्रभारी घोषित किए जाएंगे। प्रभारियों की एक पूरी टीम भी बनेगी। इन टीमों की लगातार राष्ट्रीय नेताओं के साथ मार्गदर्शन के लिए बैठकें भी होंगी।

### कमजोर सीटों पर फोकस

भाजपा का बड़ा फोकस कमजोर सीटों पर है। कमजोर सीटों की पहचान भी कर ली गई है। इसके लिए पैमाना यह तय किया गया है कि विधानसभा चुनाव में जिन लोकसभा की विधानसभाओं में जीत नहीं मिली है और जहां पर प्रदर्शन कमजोर रहा है, उन सीटों पर पूरा फोकस करके उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। इसी के साथ ऐसी लोकसभा सीटों पर सांसदों का बदला जाना भी तय है।

### लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सात समितियों का ऐलान

प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा चुनाव के लिए सात समितियों का ऐलान मंगलवार को किया है। नव सदस्यता अभियान का संयोजक अजय चंद्राकर को बनाया गया है। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक को बनाया गया है। इसी तरह से अन्य समितियों के भी संयोजक और सहसंयोजक बनाए गए हैं। नव सदस्यता अभियान समिति का संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक रामसेवक पैकरा, प्रदीप गांधी व महेश गागड़ा। महिला स्वसहायता समूह और गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान समिति का संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सह संयोजक शालिनी राजपूत, लक्ष्मी राजवाड़े, भावना बोहरा व किशोर महानंद। दीवार लेखन और होर्डिंग्स समिति का संयोजक अनुराग सिंहदेव, सह संयोजक अमित साहू, विक्रांत सिंह, रितेश गुप्ता, टिकेश्वर जैन व उपकार चंद्राकर। गांव चलो अभियान समिति का संयोजक नारायण चंदेल, सह संयोजक मोतीलाल साहू, गोमती साय व भरत मटियार। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक, सह संयोजक लक्ष्मी वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. ललित मखीजा व रामलखन पैंकरा। बूथ सशक्तीकरण अभियान का संयोजक संजय श्रीवास्तव, सह संयोजक अवधेश चंदेल। पीएम विश्वकर्मा योजना समिति का संयोजक पी. विश्वनाथन सह संयोजक प्रदीप सिंह व पुरुषोत्तम देवांगन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया, भाजपा मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक में लगातार आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपकर लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## शंकराचार्य से पुरी के राजा और प्रदेश के राज्यपाल ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पुरी ओडिशा के राजा गजपति महाराज ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रावांभाठा के श्रीसुदर्शन संस्थानम्, शंकराचार्य आश्रम में पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य को पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के चारों ओर कारिडोर के लोकार्पण के लिये आमंत्रित किया। इसी कड़ी में सायंकाल सत्र में प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने श्रीसुदर्शन संस्थानम् पहुंचकर पुरी शंकराचार्य से प्रदेश सहित पूरे देश के लिये सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। विदित हो, गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 5 जनवरी की सुबह 5 दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचे। 7 जनवरी को उन्होंने विशाल हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा को संबोधित किया। वहीं प्रतिदिन सुबह एवं शाम के सत्र में धर्म, राष्ट्र एवं आध्यात्म से जुड़े विषयों को लेकर परिचर्चा की। इसके साथ प्रतिदिन दीक्षा कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। अपने रायपुर प्रवास के अंतिम दिन बुधवार को पुरी शंकराचार्य दोपहर बारह बजे दीक्षा कार्यक्रम और सभा को संबोधित करने के बाद शाम पांच बजे मुंबई हावड़ा मेल से कोलकाता के लिये रवाना होंगे।



## राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि तत्काल जारी करें

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के भुगतान के संबंध में दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह किसानों का अधिकार है, इसका भुगतान तत्काल किया जाना चाहिये। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तों का भुगतान किया जा चुका है और चौथी किस्त के भुगतान का प्रावधान बजट में किया गया है, लेकिन भाजपा नेता दुर्भावनापूर्वक जनकल्याणकारी योजनाएं साल खत्म होने से पूर्व ही बंद करने का षड़यंत्र रच रहे हैं।

भाजपा नेता यह स्पष्ट करें कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी या उसे भी हड़पने की मंशा है? उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी के नाम पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त देने का वादा करके सत्ता में बैठे भाजपा के नेता यह बताएं कि एमएसपी और अंतर की राशि छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी? किसानों द्वारा लिया गया कर्ज लिंकिंग के माध्यम से शत-प्रतिशत वसूला जा रहा है, लेकिन किसानों को भुगतान केवल 2183 रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही हो रहा है। आखिर किसानों के हक और अधिकारों पर कब तक डकैती डालते रहेंगे भाजपाई?

### 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान कब होगा- कांग्रेस

उन्होंने कहा, आदतन किसान विरोधी भाजपाई चुनाव जीतते ही वादाखिलाफी पर उतर आए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा व भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करने का वादा करते दिखे, लेकिन सरकार बनते ही भाजपा नेताओं ने यू टर्न ले लिया। धान और किसान का विषय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लिए केवल चुनावी है, चुनाव खत्म मुद्दा खत्म। आदतन वादाखिलाफी करने वाले भाजपाई अब छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति अपने दायित्व से भाग रहे हैं।

# तीन मंत्रियों को मिली बंगले की चाबी, बाकी के यहां काम जारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद मंत्रियों को सरकारी आवास का आबंटन कर दिया गया है। आवास आबंटन के बाद यहां पर साफ-सफाई और छिटपुट मरम्मत के बाद तीन मंत्रियों को बंगले की चाबी सौंप दी गई है। जिन मंत्रियों ने सरकारी बंगले का अधिपत्य लिया है, उनमें गृहमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और युवक कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने बंगले की चाबी ले ली है। अभी कोई भी मंत्री यहां शिफ्ट नहीं हुआ है।

- 3 जनवरी को हुआ था आबंटन, पीडब्ल्यूडी के अफसरों की देखरेख में हो रहा काम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के 9 सदस्यों को 22 दिसंबर को शपथ दिलाने के बाद सभी मंत्रियों को 3 जनवरी को सरकारी बंगले का आबंटन गृह विभाग की संपदा शाखा ने कर दिया था। सभी बंगलों में साफ-सफाई और छिटपुट काम कराने लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया था। वहीं सभी मंत्रियों के बंगले में काम जारी होने के कारण अब कई मंत्रियों ने अधिपत्य नहीं लिया है। तीन मंत्रियों का काम पूरा हो गया है, उन बंगलों की चाबी उन्हें सौंप दी गई है। संपदा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अन्य मंत्रियों के यहां काम पूरा होने के बाद चाबी सौंप दी जाएगी। बताया जाता है कि मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को सरकारी बंगले का आबंटन के बाद कई बंगले अभी भी खाली नहीं किए गए हैं। खाली होने के बाद ही यहां पर मरम्मत और अन्य कार्य होने के बाद यहां पर शिफ्टिंग होगी।

स्पीकर बंगले को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अभी खाली नहीं किया। वहीं सभी मंत्रियों ने अपने बंगले खाली कर दिए हैं। वहां पर कुछ नया निर्माण और अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के बंगले में साफ सफाई और अन्य कार्य कराए जाने के बाद उन्हें सौंपा जाएगा। लोक निर्माण द्वारा इन बंगलों में उपलब्ध कराए गए सामान की सूची बनाकर नए मंत्रियों को दी जाती है। अधिपत्य लेने के दौरान इसका निरीक्षण करने के बाद ही लिया जा रहा है। पूर्व मंत्री शिव डहरिया के सरकार बंगले से एसी, एलईडी और अन्य सामान गायब होने के मामले को देखते हुए लोक निर्माण विभाग सावधानी बरत रहा है। वहीं बंगलों में कराए गए काम और लगे समान की सूची तैयार करने के बाद अधिपत्य दिया जा रहा है। हरिभूमि न्यूजःरायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बसवराजू एस. मुख्यमंत्री के सचिव नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। राज्य सरकार ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि आईएएस पी. दयानंद भी मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

### मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्ति के आदेश जारी

नई सरकार के मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्त किए गए अधिकारियों के पदस्थापना के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के निज पदस्थापना में रश्मि भारती तिवारी की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निजी पदस्थापना में आशुतोष पांडेय को विशेष सहायक, संजय कुमार मरकाम को ओएसडी और रमेश कुमार सिंह, सहायक ग्रेड 3 को पदस्थ किया गया है। वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निज स्थापना में मनोज शुक्ला, संतोष कुमार यदु को निज सहायक, प्रकाश चंद्र कोरी संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम को विशेष सहायक और टीआर साहू को ओएसडी के पद पर पदस्थ किया गया है। मंत्री दयालदास बघेल की निज स्थापना में सौरभ श्रीवास्तव को निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है।

### जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को कराया भोजन

रायपुर। नववर्ष के अवसर पर सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा विगत दिनों एम्स के मरीजों के करीब 400 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। यह जानकारी राजेश विधानी, अनिल हेमानी ने देते हुए बताया कि विगत दिनों एम्स के गेट नंबर-4 के पास भोजन की सेवा की गई। इस अवसर पर सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की अध्यक्ष दिलीप इसरानी, सचिव सुनील एवं हरीश अजवानी, अजीत मोटवानी, धर्मपाल, रत्नानी शुभम, विनोद वच्छनी, ऋतुराज, नरेश इसरानी, शंकर, अशोक इसरानी आदि शामिल रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com